संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

# दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-14 ◆अंक-168 ◆ रायपुर, गुरुवार 16 नवंबर 2023 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए


## वादा है फिर निभाएंगे



पहले की तरह इस बार भी किसानों का कर्ज माफ होगा

अब 20 क्विंटल धान खरीदी 3,200 रु की दर से

KG से PG तक मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

17.5 लाख परिवारों को मिलेगा आवास

तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस

अब 10 लाख रु तक का मिलेगा मुफ्त इलाज

भूमिहीनों कृषि मजदूरों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष

तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा

जातिगत जनगणना कराएंगे

सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर नि:शुल्क इलाज

गृहलक्ष्मी योजना में महिलाओं को मिलेंगे प्रतिवर्ष 15,000 रु

200 यूनिट मिलेगी बिजली फ्री

गैस सिलेंडरों पर 500 रु सब्सिडी महिलाओं के खातों में

अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल

लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो

स्व-सहायता समूहों का भी होगा कर्जा माफ

युवाओं को उद्योग, व्यवसाय हेतु ऋण में 50% सब्सिडी

700 नए RIPA का होगा निर्माण

परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ

अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध

भरोसा
बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार

भरोसा रखिए, पंजा का बटन दबाएं
कांग्रेस को जिताएं

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**एक नजर**

## विज्ञापन आदि की अनुमति के लिए एमसीएमसी के कक्ष क्रमांक 20 में किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा, (ब्यूरो)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापनए पाम्फ्लेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय ;जीएसटी भवनद्ध कक्ष क्रमांक 20 में श्री अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942ए श्री सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820 तथा श्री मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## मानिकपुर क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**कोरबा(ब्यूरो)।**कोरबा जिले के मानिकपुर क्षेत्र में पुलिस ने विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले शहर की शांति कायम रखने पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव को प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। मानिकपुर पुलिस ने अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल लोगों से लालच में आए बिना भयमुक्त होकर वोट डालने अपील की। विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कोरबा जिला पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान किसी तरह का व्यवधान निर्मित न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और मतदाताओं से निर्भिक होकर वोट डालने अपील की जा रही है। अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के साथ पुलिस की टीम ने मानिकपुर मुख्य मार्ग, डिपरापारा, कदमहाखार सहित पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पुलिस ने बताया, कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके द्वारा लगातार क्षेत्र की निगरानी की जा रही हैं।

## नौकरी लगाने का झांसा देकर 48 लाख की ठगी

**कोरबा,(ब्यूरो)।**कोरबा जिले के बालको क्षेत्र पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 48 लाख रूपये के ठगी करने के मामले में एक सहायक शिक्षक को गिरफ्तार किया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कथित आरोपी वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला जूनापारा, बेलढाप (उदयपुर) जिला सरगुजा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है, जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ प्रार्थी से वर्ष 2020 में कोरबा तहसील में क्लर्क के पद में नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थी से 7.5 लाख रूपए लेकर ठगी कर फरार हो गए, लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने से प्रार्थी ने इस मामले की शिकायत पुलिस में की, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देशानुसार बालको थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे के निर्देश पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए कथित आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।

इस मामले में कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर ले लिया गया है वहीं उसके अन्य साथी अभी भी फरार बताये जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे, प्रधान आरक्षक राजनारायण सिंह, आरक्षक कृष्णा मरावी, आरक्षक शिव पैकरा, आरक्षक हरीश मरावी, आरक्षक शत्रुघन बंजारे, आरक्षक अनिल साहू, आरक्षक सुजीत कुरी आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## कांग्रेस प्रत्याशी कंवर का अनोखे तरीके से कॉलोनीवासियों ने किया विरोध

**कोरबा,(ब्यूरो)।**कटघोरा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम कवंर की एक बार फिर बड़ी मुसीबत कटघोरा के जनता ने घरों के बाहर बोर्ड लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी को किया बाय काट, 5 साल तक भ्रष्टाचार में डूबी सरकार और कांग्रेस के अदूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है, आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा नगर कॉलोनी में पुरुषोत्तम कंवर के प्रचार-प्रसार को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं कॉलोनी में भ्रमण कर रहे थे, इस दौरान एक मतदाता व उनके परिवार ने बोर्ड लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम कंवर का बायकाट करते दिख।वहीं प्रत्याशी पुरुषोत्तम के विरोध में अन्य कॉलोनी वासी भी समर्थन में दिखाई दिए भ्रष्टाचार की इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कॉलोनी वासी दृढ़ संकल्प हो गए हैं, धूल डस्ट और प्रदूषण से इतनी ज्यादा प्रभावित हैं कि किसी भी सूरत में पंजा छाप को वोट नहीं देने का संकल्प लिए हैं, कटघोरा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कंवर का अनोखे तरीके से विरोध प्रकट हो रहा है, क्षेत्रवासी ने कहा सड़क, बिजली, पानी म, प्रदूषण, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नई सोच और उमंग के साथ लोग वोट देने का संकल्प लिए हुए हैं।

## सुरक्षा हेतु अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले में चिन्हांकित 541 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु लगाए गए कैमरा की सुरक्षा के लिए मतदान केंद्र ;स्कूलध्भवनद्ध के संस्था प्रमुख को प्रभारी अधिकारी तथा उक्त संस्थान के विभाग प्रमुख को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।




# कांग्रेस प्रत्यासी मुकेश चन्द्राकर के पक्ष में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जलेबी चौक से चुनावी रोड शो किया

भिलाई नगर । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने आज चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन दुर्ग के सभी जिला के विधान सभा में रोड शो किया । वैशाली नगर विधान सभा मे कांग्रेस चुनावी प्रचार खूब जोर शोर से किया गया सोसल मिडियासे लेकर प्रचार के हर क्षेत्र में चुनाव प्रचार में कांग्रेस ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वी से आगे रहे है । वैशाली नगर विधान सभा के कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश चन्द्राकर के चुनाव प्रचार के अंतर्गत जलेबी चौक कैम्प 1 भिलाई से रोड शो किया जहां क्षेत्र की जनता ने उनका भारी स्वागत किया मुख्यमंत्री ने मुकेश चन्द्राकर को अपनी साथ गाड़ी में साथ लेकर विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं को कांग्रेस को वोट करने की अपील किया । रोड़ शो में दुर्ग की पूर्व सांसद प्रत्यासी प्रतिमा चन्द्राकर, निगम के महापौर नीरज पाल ,प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस अध्यक्ष क्षितिज चन्द्राकर, बृजमोहन सिंह, निगम के एमआईसी मैम्बर पार्षद गण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप,कैम्प ब्लाक अध्यक्ष रामा विश्वकर्मा। ब्लाक महामंत्री इस्माईल खान ,भारी संख्या में महिला सहित क्षेत्र के वरिष्ठ

# बोरझरा में गौरा-गौरी की निकली शोभायात्रा

**अंवरी**



दीपावली का पर्व पूरे भारत वर्ष में उत्साह के साथ मनाया जाता है।किसान से लेकर व्यापारी और उद्योगपति भी इस पर्व को धूमधाम से मनाते है।देश के विभिन्न राज्यों में मनाया जाने वाला इस पर्व का स्वरूप व्यापक होता है।विभिन्न रस्मों को निर्वहन करते हुए मनाया जाता है।इन दिनों भखारा अंचल में बोरझरा के ग्रामीण अपने पारंपरिक त्योहार के दौरान गौरा-गौरी का विवाह बड़े उत्साह से रचाया।दीपावली पर्व पर अंचल में सोमवार को गौरा-गौरी की पूजा की गई। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। सभी लोग मिलकर पर्व को उत्साह से मनाने आ रहे हैं।लोगों ने बताया की दो दिवस पूर्व ही उत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दिया गया था। इस पर्व का प्रारंभ गौरा जगाने से होता है यहां ग्रामीण महिलाओं के द्वारा विभिन्न गीतों के माध्यम से गौरी गौरा का आह्वान किया जाता है।कार्तिक अमावस्या के दिन भिंभौरी से बालिकाओं के द्वारा क्वारी मिट्टी लाया जाता है।जिससे गौरा गौरी की प्रतिमा बनाया जाता है इसमें पारंपरिक धार्मिक स्वर लहरियों के साथ मिट्टी गौरा चौरा पर लाकर चौरा की परिक्रमा कर पूजा की जाती है।शाम को महिलाओं एवम बालिकाओं के द्वारा गौरा गौरी की आराधना कर विवाह रचाया जाता है।विवाह संपन्न होने के पश्चात बालिकाएं गौरा गौरी को सिर पर धारण कर बारात निकालते है।ग्रामीण जन नवविवाहित गौरा गौरी का दर्शन करने हाथों ने पूजा का थाल लिए प्रतीक्षा करते है।महिलाएं चौका सजाकर पूजा करती है और अपनी मुरादें मांगते है।गांव की सक्रिय महिला निर्मला रात्रे ने बताया कि वे सहपरिवार प्रति वर्ष गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर श्रीफल चढ़ती है और मनोरथ मांगती है।

गौरा विवाह के पूरे कार्यक्रम में महिलाओं का अहम योगदान होता है।हल्दी श्रृंगार से लेकर पूरे रस्मों के दौरान ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहती है तथा मिट्टी लाने से लेकर विषर्जन तक गीत गाकर में रस्मों का निर्वहन करती है।इस अवसर पर बैगा पुरुषोत्तम ध्रुव,विशाल ध्रुव,लीलू राम साहू,मंगल यादव, शेषनारायण साहू पूर्व सचिव ग्राम विकास समिति,हरिनाथ साहू,छम्मन लाल यादव,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रथम फ्लोर महिलाओं के लिए आरक्षित

**रायगढ़**

17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान दल शहर के केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान मशीन आदि लेने एवं जमा करने आएंगे। मशीन आदि को लेने और छोडने वाले मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था गढ़उमरिया लाइवलीहुड कॉलेज में की गई है। जहां प्रथम तल महिला कर्मचारियों के लिए आरक्षित रहेगा, वहीं ग्राउंड फ्लोर एवं भवन के अन्य स्थलों पर पुरुष मतदान दलों के रुकने की व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 17 नवंबर को निर्वाचन के लिए मतदान दलों द्वारा मतदान मशीन, सहित जरूरी दस्तावेज लेने 15 एवं 16 नवंबर की दरमियानी रात पहुंचेंगे। इसी तरह मतदान होने के उपरांत मतदान दलों को मतदान मशीन आदि को जमा करने के लिए के आईटी कॉलेज स्ट्रांग रूम पहुंचाना होगा। इसमें जिले भर के विभिन्न विधानसभा से 15 नवंबर की रात या 16 नवंबर को मशीन लेने और मतदान होने के उपरांत 17 की शाम या रात से मशीन को छोडने का सिलसिला जारी रहेगा। इसमें जिले की अंतिम छोर के मतदान केन्द्रों से मशीन लेने और छोडने आने वाले मतदान दलों को रुकने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की गई है। जिसे देखते हुए यहां मतदान दलों के रुकने की भी व्यवस्था की गई है। गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज को मतदान दलों के ठहरने के लिए आरक्षित रखा गया है। यहां लगभग 500 मतदान कर्मियों के रोकने के हिसाब से मूलभूत सुविधा युक्त रखा गया है, जहां पर ग्राउंड फ्लोर पर 5 हाल एवं भवन के अन्य स्थलों पर 400 से ज्यादा मतदान दल के पुरुष कर्मचारियों के रुकने की व्यवस्था होगी। वही लाइवलीहुड कालेज के प्रथम तल में लगभग 50 से ज्यादा महिला कर्मचारियों के रूकने के लिए आरक्षित रखा गया है। मतदान दलों को अपने-अपने मतदान मशीनों और आवश्यक दस्तावेजों आदि को लेने और जमा करने में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए मतदान दलों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ रुकने की व्यवस्था की गई है।

## पेड न्यूज़ के संबंध में एमसीएमसी कमेटी के सदस्यों के बीच हुई बैठक

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज़ को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रोंए वेब पोर्टल न्यूज़ए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनलए फेसबुकए एक्स ;ट्विटरद्धए इंस्टाग्राम आदि पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने टीम तैनात की गई है। टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। ऐसे प्रकरण जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किए जा रहे हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में वेबपोर्टल न्यूज़ए समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़ पर आवश्यक कार्यवाही करने नोडल अधिकारी द्वारा प्रकरण आगे प्रेषित किए गए। इस मामले में सम्बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा विज्ञापन प्रमाणन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर निर्णय लिया गया।

समिति की बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नागए नोडल अधिकारी श्री सेवाराम दीवान.संयुक्त कलेक्टर सहित सदस्यगण उपस्थित थे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले में पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने प्रेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं।

# मतदान में 72 घंटे शेष, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी एनफोर्समेंट एजेंसी से कहा लगातार करें निगरानी

**रायगढ़**

आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां, जिले में पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा सभी रिटर्निंग ऑफिसर, उडऩदस्ता दलों स्थैतिक निगरानी दलों तथा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक लेकर आगामी 72 घंटों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उडऩदस्ता दल और स्थैतिक निगरानी दल के सदस्य आगामी 72 घंटों में विशेष रूप से सक्रिय रहें तथा सामुदायिक भवन, गेस्ट हाउस एवम धर्मशालाओं में होने वाले आयोजनों पर विशेष नजर रखी जाए और मैरिज हॉल/सामुदायिक भवन इत्यादि में किसी प्रकार के उपहार वितरण या दावत पर कड़ी निगाह रखी जाए। किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल द्वारा इनके माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन नही होना चाहिए।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 15 नवम्बर की शाम 05 बजे से मतदान दिवस तक सभी मदिरा दुकानें/बार बंद रहेंगे। सभा, रैली, रोड शो के माध्यम से मत याचना/प्रचार बंद रहेंगे। अभ्यर्थी आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए भीड़ भाड़ के बिना जनसंपर्क कर सकेंगे। इस अवधि में लाउड स्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं उनके कार्यकर्ता प्रत्येक के लिए एक वाहन सहित अधिकतम तीन वाहन के उपयोग की अनुमति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रायगढ़ से प्राप्त करनी होगी। अनुमति की प्रति वाहन के विंडस्क्रीन पर डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा सभी उडऩदस्ता दलों, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 15 नवंबर के शाम 5 बजे के पूर्व बाहरी व्यक्ति विशेष रूप राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जिले में रहने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी। श्री गोयल द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भी अभियान संबंधी पोस्टर या बैनर नहीं होना चाहिए। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर, मेगाफोन आदि और अव्यवस्थित आचरण पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में निर्वाचन ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों को छोड़कर सेल्युलर फोन, कॉर्डलेस फोन आदि की अनुमति नहीं होगी। मतदाता पर्चियां केवल सादे कागज में होंगी इसमें किसी दल/अभ्यर्थी का नाम अथवा निशान नहीं होगा।

### वोटर टर्न आउट ऐप के माध्यम से आमजन जान सकते हैं मतदान की स्थिति

**कोरबा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में आम नागरिक मतदान की विधानसभावार जानकारी वोटर टर्न आउट मोबाइल ऐप का उपयोग कर 17 नवंबर को मतदान के दिन मतदान की स्थिति को देख सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में विधानसभावार वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं।

## मतदान दलों को चुनाव कराने मतदान केन्द्र आबंटित

### प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुआ रेंडमाइजेशन

**बिलासपुर।(ब्यूरो)।** मतदान दल के गठन एवं प्रशिक्षण के बाद उन्हें चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्र भी आवंटित किया गया। एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत सॉफ्टवेयर द्वारा उनकी ड्यूटी लगाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक श्री उदयन मिश्रा, श्री नायली इते, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, डिप्टी डीईओ शिवकुमार बनर्जी सहित सभी रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे। इसी प्रकार संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी भी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से की गई। निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया स्थानीय एनआईसी के उप निदेशक श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा पूर्ण की गई। उन्हें 16 नवंबर को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से सवेरे सामग्री वितरण कर अपने गंतव्य मतदान केंद्र के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान 17 तारीख को सवेरे 8 बजे से शुरू होगा।

## फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**बिलासपुर (ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने बताया कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## वोटर टर्नआउट एप से मिलेगी 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**बिलासपुर(ब्यूरो)।**भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन 'वोटर टर्नआउट एप' के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से अनुमानित वोटर टर्नआउट को रियल टाइम में देखना बहुत आसान हो गया है। वोटर टर्नआउट एप में मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्नआउट की जानकारी प्रदर्शित की जाती है। वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को संचयी (ष्ह्वद्वह्वद्यड्डह्लद्व1द्द) वोटर टर्नआउट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग अनुमानित संचयी मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिए अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका प्रयोग जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, जिलेवार और विधानसभाक्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।

## निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें : कलेक्टर

**बिलासपुर(ब्यूरो)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने जिले में 17 नवम्बर शुक्रवार को होने वाले निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के सभी नागरिकों से की है। मतदान के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। कलेक्टर ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी महती जिम्मेदारी का अनिवार्य रूप से निर्वहन करना चाहिए। लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्व होता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने इस पुनीत कार्य में सभी की सहभागिता की अपील की है।

## जो कोरबा जिले के मतदाता नहीं, उन्हें मतदान के 48 घंटे पहले छोड़ना होगा जिला

**कोरबा,(ब्यूरो)।** विधानसभा निर्वाचन में विभिन्न राजनैतिक दलों के लिए प्रचार करने अन्य जिलों और राज्यों से कोरबा जिले में आये लोगों को मतदान के 48 घंटे पहले वापस लौटना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र की सीमा के बाहर से राजनैतिक प्रचार.प्रसार के लिए आये लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदान के 48 घंटे पहले विधानसभा सीमा क्षेत्र से बाहर जाना होगा। ऐसे व्यक्ति जो कोरबा जिले की चारों विधानसभाओं में से किसी भी विधानसभा के मतदाता नहीं हैं उन्हें भी मतदान के 48 घंटे पहले जिले की सीमा से बाहर जाना होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने बताया कि कोरबा जिले की चारो विधानसभाओं के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले बुधवार 15 नवंबर की शाम पांच बजे से राजनैतिक प्रचार थम जायेगा। इसके बाद रैलियांए जुलूस या सभाएं जैसे किसी भी प्रकार का सार्वजनिक प्रचार नहीं होगाए लेकिन प्रत्याशी घर.घर संपर्क कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि होटलों और लाजों में बाहर से आकर रूकने वाले लोगों को आज से ही मतदान के 48 घंटे पहले जिला छोड़ने के लिए सूचित कर दिया जाये। उन्होंने इसके लिए होटलों और लाजों के संचालकों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के दिन 17 नवंबर को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन सभी शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। इसलिए शासकीय काम से भी आने वाले बाहरी लोग मतदान दिन के बाद ही कोरबा में आयें। मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रचार समाप्त होने के बाद पुलिस बल द्वारा जिले के सभी लॉज और होटलों की सघन जांच की जायेगी और राजनैतिक प्रचार के लिए बाहर से आये हुए लोगों या पार्टी कार्यकर्ताओं के पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।


संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

# दैनिक दैनन्दिनी.

गुरुवार 16 नवंबर 2023 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

## आज का पंचांग



तिथि : तृतीया
नक्षत्र : मूल
प्रथम : करण
द्वितिय : करण
पक्ष : शुक्ल
वार : गुरुवार
योग : सुकर्माण
सूर्योदय :06:47
सूर्यास्त :17:22
चंद्रमा : धनु
राहुकाल :13:24-14:44
विक्रमी संवत् : 2080
शक सम्वत् :1944
मास : कार्तिक
शुभ मुहूर्त :अभिजीत : 11:44-12:26

# छत्तीसगढ़ में हर एक पैसे का हिसाब होना चाहिए यही कांग्रेस की सरकार में होगा : राहुल गांधी

**बेमेतरा/बलौदाबाजार (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार थम गया है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आखिरी वक्त में जमकर प्रचार किया. इस दौरान उन्होंने न केवल बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. बल्कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर कई बड़े वादे किए हैं. छत्तीसगढ़ में अब प्रचार थम गया है, ऐसे में आखिरी वक्त में प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेनिंग करेंगे.



छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र सरकार के ऊपर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार किसानों के कर्ज को माफ नहीं करती बल्कि वह व्यापारियों के कर्ज को माफ करती है. राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो इस बार भी किसानों का कर्ज माफ होगा साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए 15000 उन्हें वार्षिक दिया जाएगा इसके अलावा आप उन्होंने धान की कीमत 3200 देने की भी बात कही. राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर एक पैसे का हिसाब होना चाहिए. यही कांग्रेस की सरकार में होगा.

राहुल गांधी ने कहा कि वह चाहते हैं गरीब के बच्चे अंग्रेजी ना सीखें, उनके बच्चे अंग्रेजी सीखें. कॉल सेंटर, आईटी में कामम करें लाखों रुपए की सैलरी वो ले जाए, आप ना ले जाएं 2024 में हमारी सरकार आएगी तो हम छत्तीसगढ़ में दो या तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट खोलेंगे. 40 लाख परिवारों को फायदा होगा, 200 यूनिट बिजली हमने फ्री कर दी. छत्तीसगढ़ को हम मुफ्त में शिक्षा केजी टू पीजी देने वाले हैं. जो यहां पर किसान उगए उगाता है उसकी विदेश में बेचने की योजना है.

**ओबीसी पर कही बड़ी बात**

राहुल ने कहा कि मेरा लक्ष्य है जितना पैसा नरेंद्र मोदी अडानी को देता है उतना में गरीबों को दूंगा. जितनी गाली मुझे पड़ती है, उतना मुझे लगता है मैं काम सही कर रहा हूं. ओबीसी देश के रीढ़ की हड्डी है. नरेंद्र मोदी 14 लाख करोड़ कर्ज माफ करते हैं एक भी ओबीसी को फायदा नहीं होता है.

हम किसानों का कर्ज माफ करते हैं बिजली बिल माफ करते हैं तो 50 फीसदी ओबीसी को फायदा होता है. 16 बीमा कंपनियों को हजारों करोड रुपए दिए गए उसमें एक भी ओबीसी काम नहीं करता, अडानी की कंपनी में एक भी ओबीसी दलित या आदिवासी दिखा दो. वह कहते हैं हम ओबीसी की सरकार चलाते हैं. कहां चलाते हो ओबीसी की सरकार पैसा तो अडानी को देते हो. जिस दिन से मैने पूछना शुरू किया कि ओबीसी की आबादी देश में कितनी है नरेंद्र मोदी ने मुझे गाली देना शुरू कर दिया.

# भूपेश बघेल अभी सीएम, मैच जीते तो उनका नाम फिर रहेगा सबसे आगे : सिंहदेव



**पेंड्रा-गौरेला-मरवाही।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव आज मरवाही विधानसभा के कोदवाही ग्राम चुनाव का आखरी सभा में पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर केके ध्रुव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर केके ध्रुव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थक माने जाते हैं, लेकिन आज उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने उनके समर्थक प्रत्याशी डॉक्टर ध्रुव के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर पार्टी हित को सर्वोपरि जताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर के के ध्रुव के पक्ष में वोट करने अपील भी किया।

उन्होंने चुनाव को संघर्षपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं की मेहनत के बलबूते चुनाव जीतने की बात कही। हालांकि टीएस सिंह देव इस दौरान मीडिया से बात करते हुए प्रत्याशी डॉक्टर ध्रुव की जीत के प्रति कॉन्फिडेंस नजर आए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि अभी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है, स्वाभाविक है कि मैच जीतने के बाद उनका नाम मुख्यमंत्री के लिए सबसे आगे रहेगा।

## थम गया दूसरे चरण का चुनाव प्रचार




**रायपुर।** मतदान दिवस के अंतिम 48 घंटों में चुनाव आयोग ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण के मतदान से 48 घंटे पहले बुधवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, 15 नवंबर को शाम 5 बजे से 17 नवंबर, मतदान के समापन तक 48 घंटे की अवधि के लिए किसी भी प्रकार के वाहनों पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही इस दौरान धारा 135 सी के तहत शराब की दुकानों को बंद रहने का आदेश जारी किया है।


आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव से 48 घंटे पहले, निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रहने वाले राजनीतिक पदाधिकारियों पर प्रतिबंध रहेगा और आखिरी 48 घंटे में विश्राम गृह के कमरों की आवंटन की प्रक्रिया नहीं होगी। इस दौरान सभी दलों और उम्मीदवारों को मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के दौरान सार्वजनिक सभा और जुलूस का आयोजन नहीं करने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही इस अवधि में उम्मीदवार सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन, या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी संबंधित सामग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं कर सकता है। इसी प्रकार किसी भी जनमत संग्रह या एक्जिट पोल के परिणामों को चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक किसी भी साधन के माध्यम से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने से पहले पूर्व प्रमाणन करना अनिवार्य है।

## कांग्रेस ने प्रेमचंद जायसी को निलंबित किया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अपने एक उपाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देश पर उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। जायसी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। पार्टी की तरफ से जायसी को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया था। पार्टी जायसी के जवाब से संतुष्ट नहीं है। इस वजह से निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है : अमित शाह

**बेमेतरा (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज सजा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ईश्वर साहू के पक्ष में चुनावी सभा ली। उन्होंने कहा कि बिरनपुर कांड के शिकार भुनेश्वर साहू को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने सभा में मौजूद जनता से ईश्वर साहू को वोट देकर उसे न्याय दिलाने की अपील की। शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है।



कहा कि आज आदिवासियों का गौरव दिवस है, बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। प्रदेश से सट्टाबाजी करने वाली सरकार जा रही है। मैने तय किया था कि अंतिम दिन ईश्वर साहू का प्रचार करने आऊंगा। ईश्वर साहू केवल प्रत्याशी नहीं है न्याय के प्रतीक है। ईश्वर ने सरकार के पैसे और नौकरी को ठुकरा दिया। ईश्वर को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भुनेश्वर के हत्यारों को भाजपा जेल भिजवाएगी।

उन्होंने अपने भाषण में रमन सरकार की उपलब्धि गिनाई कहा कि भूपेश बघेल ने महादेव के नाम को बदनाम और अपमान किया है। दावा किया कि हम एक लाख लोगों को नौकरी देंगे। कांग्रेस 70 साल से मंदिर को लटका कर रखी थी मोदी जी प्राण प्रतिष्ठा करने वाले है।

भाजपा की सरकार बना दो हम अयोध्या दर्शन करवाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े समाज का अपमान किया है, उन्हे सम्मान दिलाने का काम मोदी जी ने किया है। कांग्रेस ने शराबबंदी नहीं की बल्कि शराब घोटाला किया है। घोषणा पत्र को लेकर कहा कि जिनकी खुद की कोई गारंटी नहीं वो क्या गारंटी देंगे। हम ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देंगे। शाह ने भूपेश बघेल को प्री पैड मुख्यमंत्री बताया।कहा जितना घूस दोगे उतना काम करते हैं। शाह ने तंज कसते हुए कहा कि भूपेश बघेल देश में गोबर घोटाला करने वाले पहले सीएम है। केंद्रीय मंत्री ने एक बार फिर से पैसा खाने वाले को उल्टा लटका कर वसूली करने की बात कही। रमन सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि ये 27 सौ में धान खरीदते है उसमे से ज्यादा पैसा हम देते है, ये 600 रू ज्यादा देकर ये केवल वाहवाही लूट में लगे है। भूपेश बघेल ने 5 साल में छत्तीसगढ़ को करप्शन का हब बना दिया है।

# छत्तीसगढ़ में अंधेरा छंट रहा, सूरज निकलने वाला है : मनसुख मांडविया

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ चुनाव सह प्रभारी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा की जीत की बुनियाद तैयार हो चुकी है। 17 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में जनता छत्तीसगढ़ को कुशासन से मुक्त करने, विकास की बुलंद इमारत खड़ी करने आतुर है। छत्तीसगढ़ में अंधेरा छंट रहा है। सूरज निकलने वाला है। कमल खिलने वाला है।




हिमत भाई पटेल निर्दलीय प्रत्याशी नं. 14 ने भाजपा प्रत्याशी पुरिंदर मिश्रा के समर्थन मे कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई मंडाविया, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन, देवजी पटेल के सामने भाजपा प्रत्याशी के लिए कार्य करने की घोषणा की ।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आज शाम चुनाव प्रचार थमने के पूर्व भाजपा का चुनाव प्रचार जनता को उसकी और राज्य की बेहतरी के हमारे संकल्प से परिचित कराने के लिए था कि छत्तीसगढ़ जिस भाजपा ने बनाया है, वही छत्तीसगढ़ राज्य को संवार सकती है। छत्तीसगढ़ के जन जन का जीवन स्तर ऊंचा उठा सकती है। हम अपने प्रयासों में सौ प्रतिशत सफल रहे हैं।

श्री मांडविया ने कहा कि भाजपा की चुनावी रणनीति सफल रही है। हम जनता के बीच, जनता के मुद्दे लेकर, जनता की आवाज बनकर पहुंचे। विगत दिनों भाजपा बस्तर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में मां दंतेश्वरी के आंगन से और छत्तीसगढ़ के दूसरे हिस्से जशपुर से नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की अगुवाई में मां खुड़िया रानी देवी का आशीर्वाद लेकर परिवर्तन यात्रा निकाली थी। जिसे हमने रतनपुर में मां महामाया के चरणों में मोदी जी की गारंटी के रूप में समर्पित किया। उसे जिस प्रकार जनता का आशीर्वाद मिला उस परिवर्तन यात्रा में जिस प्रकार का जन सैलाब उमड़ा परिवर्तन यात्राएं समापन पर आते आते परिवर्तन की आंधी में बदल गई। भाजपा की चुनावी रणनीति अच्छे और सच्चे संकल्प के साथ जनता से जुड़ने की रही, जिसमें हम शत प्रतिशत सफल रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में उत्तरी हवाओं का असर, रात में बढ़ी ठंड

**रायपुर।** उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब रात में ठंड बढ़ने लगी है। विशेषकर ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों में ठिठुरन का असर और ज्यादा है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मंगलवार को रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में आंशिक बादल भी छाए रहे। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी भी हुई है।



मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा और उसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी। बढ़ती ठंड के चलते इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल भी सज गए है और इन स्टालों में गर्म कपड़ों पर 20 फीसद तक छूट दी जा रही है। साथ ही कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों का नया स्टाक आया हुआ है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे अंडमान निकोबार द्वीप के पास स्थित है तथा इसके साथ ही हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी ऊंचाई तक है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के उच्च अवदाब के बदलने की संभावना है। 17 नवंबर तक यह उत्तर- उत्तर पूर्व की ओर मुड़कर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-ओडिशा तट की ओर पहुंचेगा। इसके प्रभाव से बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा

# हिनासिंह जूदेव ने किया जनसम्पर्क

**गौरेला (दैनंदिनी)।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कोटा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रतापसिंह जूदेव के समर्थन में श्रीमती हिनासिंह जूदेव ने गौरेला नगर में जनसम्पर्क किया।

इस दौरान उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र के बारे में बताते हुये महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित महिला को 12,000 रुपये वार्षिक सहायता, आयुष्मान योजना में दस लाख तक का मुफ्त इलाज,धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये में 21 क्विंटल धान की खरीदी,प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने,गौरेला पेण्ड्रा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सहित केंद्र की




नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।उन्हीने बताया की प्रबल प्रताप सिंग जूदेव के प्रयासों से पेंड्रारोड़ से बिलासपुर खण्ड के विभिन्न स्टेशनों में कई ट्रेनों का स्टापेज शुरू हो गया है।

श्रीमती हिनासिंह ने आशा व्यक्त की इस चुनाव में कोटा का रिकार्ड टूटेगा और भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भारी मतों से विजयी होंगे.

इस जनसम्पर्क में भाजपा के जिला,मंडल ,बूथ इकाई के पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल थे।


# श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट पर्व पर भगवान को लगाए गए 56 प्रकार के भोग

## अन्नकूट ध्वज चढ़ाने का सौभाग्य समाज के गोपाल तरुण कंसारी दंपति को प्राप्त हुआ

**नवापारा राजिम (दैनंदिनी)।** अन्नकूट पर्व एवं गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्री सत्यनारायण एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण को 56 प्रकार का भोग लगाया गया वहीं अलग-अलग प्रकार के व्यंजन रखें गए थे।

श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी पंडित भगवत प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सुबह भगवान को ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कराकर उनका श्रृंगार किया गया। अनुकूल पर्व के अवसर पर मंदिर में





अन्नकूट ध्वज चढ़ाने का सौभाग्य समाज के गोपाल तरुण कंसारी दंपति को प्राप्त हुआ। समाज की भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए अन्नकूट ध्वज चढ़ाने में सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में सामाजिक जन मौजूद रहे। तत्पश्चात संध्या 4.00 बजे भगवान श्री सत्यनारायण जी को 56 प्रकार के भोग लगाए गए। भगवान की आरती की गई। इस दौरान अभनपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक धर्मेंद्र साहू ,धनराज मध्यानी नगर पालिका अध्यक्ष, सौरभ शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ ही अभनपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू, विजय गोयल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, समाजसेवी किशन सांखला,मनीष चौधरी सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

अन्नकूट पर्व पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के संरक्षक मुन्ना साव,दसरथ लाल कंसारी,अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, सहदेव कंसारी अध्यक्ष कंसारी समाज , संतोष कंसारी अध्यक्ष महिला इकाई, बबला सारस, बलराम सारस, राजकुमार कंसारी, नंदकुमार कंसारी,राजू कंसारी, रमेश कंसारी, तुकाराम कसारी मीडिया प्रभारी,युवा संगठन के सदस्य गण तथा कंसारी समाज के सभी सदस्य गण व काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अमृत वचन

**जब दुनिया हमें कहती है हार मान लो, उस समय उम्मीद हमें कान में कहती है एक बार और कोशिश कर लें।**

## संपादकीय

# डॉग बाइट पर मुआवजा

आए दिन कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि के चलते इस बाबत समाज में लगातार चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब इस मामले में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि कुत्तों के काटने पर पीड़ित व्यक्ति को समय से मुआवजा मिलना सुनिश्चित किया जाए। दरअसल, इस तरह के मामलों में बढ़ती शिकायतों के बाद कोर्ट ने 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि ये मामले इतने बढ़ गये हैं कि लोगों को कोर्ट आने को मजबूर होना पड़ रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मुआवजे देने के लिये राज्य सरकारें जिम्मेदार होंगी। कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब सरकारों एवं चंडीगढ़ प्रशासन को निर्देश दिया कि मुआवजा तय करने के लिये समिति बनायी जाए। समितियां जिलों के डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता में बनेंगी। पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन करने के उपरांत जांच की जाए तथा चार माह की अवधि में पीड़ित को मुआवजा मिल जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुआवजे के लिये सरकारें जवाबदेह हैं। साथ ही राज्य को डिफॉल्ट एजेंसी व व्यक्ति से इसकी वसूली का अधिकार रहेगा। कुत्ते के काटने पर दिया जाने वाला न्यूनतम मुआवजा दस हजार रुपये होगा। वहीं शरीर पर घाव की स्थिति में मुआवजा उसकी गहराई के आधार पर न्यूनतम बीस हजार रुपये तय होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने सड़कों को आवारा जानवरों से मुक्त रखने के भी निर्देश दिये। कोर्ट ने आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से होने वाली मौतों पर दुख जताया। यह भी कहा कि इसका मानव जीवन पर असर पड़ रहा है। आवारा पशुओं का सड़कों पर कब्जा करना चिंताजनक हैं। अब सरकार को यह बोझ उठाना चाहिए और पीड़ितों को राहत मिलनी चाहिए। यह भी कि आवारा व जंगली जानवरों के सड़कों पर आने से होने वाली दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। इलाके में स्थित थाने के एसएचओ को इस बाबत रोज रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। बाद में पुलिस अधिकारी दावे की जांच करके पीड़ित को मुआवजा दिलाए।

निस्संदेह, अदालत की यह पहल एक सराहनीय कदम है। ऐसे मामलों में कुत्ता पालने वाले लोगों से मुआवजा वसूलना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अकसर देखा जाता है कि ऐसे लोग प्रभाव का इस्तेमाल करके मुआवजा देने से बच जाते हैं। इतना ही नहीं पार्क व अन्य स्थानों में पालतू जानवरों को घुमाने वाले लोग सार्वजनिक स्वच्छता का ध्यान भी नहीं रखते और ये जगह-जगह गंदगी फैलाने लगते हैं। विदेशों में सख्त प्रावधान है कि पालतू जानवर के गंदगी फैलाने पर उसको उठाने की जिम्मेदारी कुत्ते के मालिक की होती है। लेकिन भारत में गली-चौराहे में गंदगी फैलाना लोग अपना अधिकार मान लेते हैं। निश्चित रूप से यदि पालतू कुत्ते किसी को काटते हैं तो मालिक की जिम्मेदारी तय करते हुए मुआवजा की वसूली उससे की जानी चाहिए। यहां सवाल आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली मौतों का भी पैदा होता है। घर का कमाऊ व्यक्ति यदि रैबीज संक्रमण से मर जाता है तो उसके परिवार का क्या होगा? अब यदि कोर्ट ने काटने पर मुआवजा तय किया है तो व्यक्ति की मौत पर भी पीड़ित परिवार के लिये मुआवजा तय किया जाना चाहिए। विडंबना यह भी है कि अक्सर आवारा जानवरों के हमलों का शिकार बुजुर्ग व बच्चे ही होते हैं क्योंकि वे अपना बचाव करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में यह भी जरूरी हो जाता है कि मुआवजे के साथ ही पीड़ित व्यक्ति के महंगे इलाज का खर्च भी सरकार वहन करे। साथ ही सस्ते मूल्य पर रैबीज के टीके उपलब्ध कराये जाएं ताकि पीड़ित गरीब व्यक्ति को दोहरी मार से राहत मिल सके। निस्संदेह, सदियों से कुछ जानवर मनुष्य के सहचर रहे हैं, लेकिन बदलती परिस्थितियों में वे ही लोगों के लिये समस्या की वजह बन गए हैं। वहीं पारिस्थितिकीय संतुलन के लिये भी जरूरी है कि मनुष्य के सहचर जीव-जंतु अपना अस्तित्व बनाये रखें। जरूरत इस बात की भी है कि बदले हालात में उनके अस्तित्व को बनाये रखने के साथ ऐसी व्यवस्था हो कि वे किसी व्यक्ति के जीवन पर संकट का वाहक न बनें।

## सेहत

# हेल्दी सब्जियां

**1) लहसुन**- लहसुन मैंगनीज, विटामिन बी6, विटामिन सी और सेलेनियम से भरपूर होता है। यह ब्लड शुगर के लेवल को नियमित करने, दिल के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और ब्लड में खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें कैल्शियम, तांबा, पोटेशियम, फास्फोरस, लोहा और विटामिन बी 1 भी अच्छी मात्रा में होता है।

**2) मटर**- हरी मटर पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। केवल एक मध्यम कप पके हुए मटर आपको 9 ग्राम प्रोटीन और विटामिन ए, सी और के, राइबोफ्लेविन, थियामिन, नियासिन और फोलेट जैसे दूसरे पोषक तत्व देने में मदद कर सकते हैं।

**3) पालक**- आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, फोलेट और कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर सुपरफूड्स में से एक है पालक। सिर्फ 30 ग्राम कच्चे पालक में 56 प्रतिशत विटामिन ए मिलता है।

रोजाना पालक खाने से कैंसर, टाइप 2 डायबिटीज, अस्थमा, लो ब्लड प्रेशर के जोखिम को कम करने और पाचन को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

**4) ब्रॉकली**- इस सब्जी में विटामिन के और विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है।

**5) गाजर**- गाजर के नारंगी रंग में बीटा-कैरोटीन की मात्रा होती है, एक एंटीऑक्सिडेंट जो कई तरह के कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह ब्लड प्रेशर को भी कम कर सकता है, ये आंखों की हेल्थ को भी बढ़ावा दे सकता है और वजन कम करने में मदद कर सकता है।

# बेहतर प्रोत्साहन नीति में संकट का समाधान

**- देविंदर शर्मा**

धान की फसल के कटाई सीजन में एक बार फिर पराली जलाना खबरों में रहा। अब एक दशक से अधिक समय से, जब से पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली में आग लगाना ज्वलंत मुद्दा बन गया है, नई दिल्ली में कुख्यात वायु प्रदूषण के लिए किसानों को दोषी ठहराये जाने के साथ ही इस आग पर काबू पाने का संघर्ष अभी जारी है।

हालांकि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने दावा किया कि पिछले तीन साल में खेतों में आग लगने की घटनाओं में कमी आई, लेकिन 1 नवंबर के बाद तीन दिनों में इसमें 150 प्रतिशत का उछाल नजर आया। जबकि कई एफआईआर दर्ज की गई व जुर्माना लगाया गया फिर भी खेतों में आग लगने का संकट जारी रहा। संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम को उन किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में 'रेड एंट्रीज' करने के लिए कहा गया जो धान के अवशेषों को न जलाने के निर्देश नहीं मान रहे थे।

लेकिन यहां एक पेच है जब पत्रकार कहते हैं कि उपलब्ध कराए गए उपग्रह डेटा के आधार पर आग लगने की घटनाओं की संख्या में कमी आई है, तो उन्हें यह अहसास नहीं होता कि वह क्षेत्र अधिक मायने रखता है जो आग से बचाया गया है। आग की संख्या में कमी समानुपातिक रूप से उस क्षेत्र में कमी से संबंधित नहीं है जिस पर पराली जलाई जाती है। उदाहरणतया, पंजाब ने दावा किया कि पिछले साल यानी 2022 के धान कटाई के मौसम में पिछले कुछ वर्षों में पराली जलाने की संख्या में 30 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन जो क्षेत्र असल में खेत में पराली जलाने से बचाया गया था वह केवल 1.5 प्रतिशत था। यह दर्शाता है कि खेत में आग लगने की घटनाओं का डेटा कितना भ्रामक हो सकता है।

कटाई सीजन के शुरुआती कुछ हफ्तों में, आग लगने की घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी को लेकर खबरें आयीं। एक बार फिर ये न्यूज रिपोर्ट्स ऐसा आभास देती रहीं कि अवशेष जलाने की समस्या का बहुत हद तक खयाल रखा गया। वहीं इन खबरों के प्रकाशित होने तक पूरी खड़ी फसल की कटाई भी नहीं हुई थी जबकि इस साल पंजाब में करीब 190 लाख टन धान की फसल होने का अनुमान था। इसके बाद, जब गेहूं बुआई के लिए खेतों को तैयार करने का काम जोरों पर होगा तो आग लगाने की घटनाओं में तेजी जारी रहेगी।

इस वर्ष कटाई में देरी पंजाब में फसल रोपाई के सीजन के दौरान हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण हुई है (कुछ क्षेत्रों में, किसानों को सीजन में दो बार बाढ़ का सामना करना पड़ा) और पूरी फसल काटने में देर हुई है। इस बारे में हरियाणा बहुत बेहतर प्रदर्शन करता प्रतीत हो रहा है, क्योंकि जहां पंजाब में धान का क्षेत्रफल लगभग 32 लाख हेक्टेयर है, वहीं हरियाणा में धान का रकबा लगभग 50 प्रतिशत कम है, उसमें भी एक अहम हिस्सा बासमती का है, जिसके डंठल अक्सर नहीं जलाए जाते हैं। दिलचस्प यह है कि एनसीआर सीमा से सटे जिलों में पराली जलाई नहीं जाती है। दरअसल, नई दिल्ली की वायु गुणवत्ता हरियाणा के पड़ोसी जिलों की वायु

daily समाचार.com
daily समाचार.com
डेली samachaar.com
डेली samachaar.com



गुणवत्ता से कहीं अधिक खराब है। इससे पता चलता है कि नई दिल्ली से सटे हरियाणा के जिलों को राजधानी से आने वाले बढ़ते प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।

हमें नहीं भूलना चाहिये कि पंजाब अकेला धान के औसतन करीब 220 लाख टन अवशेष उत्पन्न करता है। पराली की इतनी भारी मात्रा सरकार के साथ ही इंडस्ट्री मिलकर भी मैनेज नहीं कर सकती हैं। अब कुछ सालों से किसान कह रहे हैं कि वे बिना आग लगाये स्थानीय तरीकों से पराली का प्रबंधन कर सकते हैं बशर्ते ऐसा करने पर उन्हें प्रोत्साहन का भुगतान किया जाये। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने किसानों को 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार से 2000 करोड़ रुपये की मांग की थी। मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी 1500 करोड़ रुपये की मांग की थी। केंद्र ने इन मांगों को मंजूर नहीं किया।

इसके बजाय केंद्र सरकार धान के डंठल के निपटारे की समस्या सुलझाने को और ज्यादा मशीनों पर जोर दे रही है। पहले ही पंजाब को सब्सिडी पर 1.37 लाख मशीनें प्रदान की जा चुकी हैं, जिनमें इस साल दी गयी 20000 मशीनें भी शामिल हैं।

जबकि ये मशीनें एक साल में ज्यादा से ज्यादा तीन सप्ताह ही प्रयोग की जाती हैं व बाकी समय अधिकतर बेकार पड़ी रहती हैं। यह भी कि पंजाब तेजी से मशीनों के कबाड़खाने में तब्दील हो रहा है जहां केवल एक लाख ट्रैक्टरों की जरूरत है लेकिन इसके मुकाबले यहां एक्सेसरीज समेत पांच लाख से ज्यादा ट्रैक्टर हैं। हालांकि, नीति निर्माताओं को आगामी वर्षों में राज्य के समक्ष आने वाली एक और समस्या के प्रति सचेत करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय लगता है हर कोई मशीनें बेचकर खुश हो रहा है।

डंठल जलाने की समस्या परिदृश्य में कंबाइन हारवेस्टर्स के आने के बाद पैदा हुई। इस समय पंजाब में करीब 15000 कंबाइन हारवेस्टर्स हैं जिनमें से केवल 6000 में ही स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) टेक्नोलॉजी लगी है। लेकिन किसान इस एसएमएस को पसंद नहीं करते क्योंकि इसमें अतिरिक्त लागत आने के अलावा डीजल की भी अधिक खपत होती है। इसी प्रकार शुरुआत में प्रदान की गयी 13000 हैप्पी सीडर मशीनें बेकार पड़ी हैं क्योंकि अब किसान नयी पीढ़ी की सुपर सीडर मशीनें पसंद करते हैं। लेकिन पंजाब में खेतों में आग लगाने की घटनाओं में कमी का अच्छा चलन केवल बालर मशानों के आगमन के बाद आया। इस साल करीब 2300 बालर मशीनें आवंटित की गयीं।

इंडिया स्पेंड की रिपोर्ट (स्क्रॉल.इन मार्च 21, 2019) में खेत की आग से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित लागत की तुलना की गई है, जिसे हर नीति निर्माता को जरूर पढ़ना चाहिए, और उम्मीद है कि रिपोर्ट एक ही बार में आंखें खोल देगी। इसमें कहा गया है कि फसल जलाने से हर वर्ष पर्यावरण और स्वास्थ्य व्यय के रूप में 2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। अगर इस नुकसान की वसूली की जाए तो यह 700 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) के लिए भुगतान करने को काफी होगा। यदि ऐसा है, तो मुझे पंजाब को प्रति वर्ष 2,000 करोड़ रुपये की ग्रांट देने से इनकार करने का कोई औचित्य नहीं दिखता, अगर इससे किसानों को उस विशाल समस्या से निपटने में मदद मिल सकती है जिसका सामना समाज बड़े पैमाने पर कर रहा है।

हम थोड़ी राशि बचाने के चक्कर में बड़ी रकम गवांने की मूर्खता नहीं कर सकते हैं।

नीति-निर्माताओं को जागना होगा। किसानों पर दबाव डालना डंठल जलाने की समस्या का समाधान नहीं है। उनके साथ खड़े रहना, और पर्याप्त प्रोत्साहन प्रदान करना ही सही राह है। इस तरीके को और ज्यादा प्रभावी बनाने को जरूरी है कि फसल उठने के बाद के बजाय कटाई से पूर्व ही यह इंसेंटिव की राशि वितरित कर दी जाये।

**लेखक कृषि एवं खाद्य विशेषज्ञ हैं।**

# संवेदनशील क्षेत्रों में जलस्त्रोतों का संरक्षण जरूरी


**- पंकज चतुर्वेदी**

गत चार अक्तूबर को उत्तरी भारत के साथ दिल्ली एनसीआर में करीब 15 सेकंड तक धरती थर्राई। यह झटका रेक्टर स्केल पर पर 6.2 का था, जिसे अति गंभीर माना जाता है। उसके बाद से पिछले पंद्रह दिनों में दिल्ली के आसपास तीन बार और भूकंप आ चुका है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दिल्ली एनसीआर में भूकम्प के बीते 63 सालों के आंकड़ों के आकलन में पाया है कि अतिक्रमण व अवैध कब्जों की भेंट चढ़ रहे जलाशयों के ऊपर इमारतें भले खड़ी हो गई हों, लेकिन उनके नीचे पानी में अभी भी भूकंप के झटके लगते रहते हैं। एनसीएस के मुताबिक, एक जनवरी, 1960 से लेकर 31 मार्च, 2023 के दरम्यान दिल्ली-एनसीआर में अधिकेंद्र वाले कुल 675 भूकंप आए हैं। लेकिन साल 2000 तक 40 वर्षों में जहां केवल 73 भूकंप दर्ज किए गए, वहीं इसके बाद 22 वर्षों में 602 भूकंप रिकॉर्ड किए गए।

भारत के कुल क्षेत्रफल का 54 फीसदी भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित है। दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन-चार में आंका है, जहां भूकंप आने की संभावनाएं गंभीर स्तर की हैं। भूकंप संपत्ति और जन-हानि के नजरिये से सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा है। महज जागरूकता और अपने आसपास को इस तरह से सुरक्षित करना कि कभी भी धरती हिल सकती है, बस यही इसका निदान है। हमारी धरती जिन सात टेक्टोनिक प्लेटों पर टिकी हैं, यदि इनमें कोई हलचल होती है तो धरती कांपती है।

एनसीएस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में आने वाले भूकंप अरावली पर्वतमाला के नीचे बने छोटे-मोटे फॉल्टों के कारण आते हैं, जो कभी-कभी ही सक्रिय होते हैं। यहां प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया भी बहुत धीमी है। शुरुआत में भूकम्प के झटके बहुत सामान्य थे जिनकी तीव्रता 1.1 से 5.1 तक थी लेकिन जैसे-जैसे इस समग्र महानगर में जल निधियां सूखना शुरू हुईं, सन? 2000 के बाद भूकंप की तीव्रता में तेजी आ रही है। खासकर यमुना के सूखने और उसकी कछार की जमीन पर निर्माण ने भूकम्प से नुकसान की संभावना को प्रबल कर दिया है।

विदित हो कि भारत आस्ट्रेलियन प्लेट



पर टिका है और हमारे यहां अधिकतर भूकंप इस प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण उपजते हैं। भूकंप के झटकों का कारण भूगर्भ से तनाव-ऊर्जा उत्सर्जन होता है। यह ऊर्जा अब भारतीय प्लेट के उत्तर दिशा में बढ़ने और फॉल्ट या कमजोर जोनों के जरिये यूरेशियन प्लेट के साथ इसके टकराने के चलते एकत्र हुई है। जानना जरूरी है कि हिमालयी भूकंपीय क्षेत्र में भारतीय प्लेट का यूरेशियन प्लेट के साथ टकराव होता है और इसी से प्लेट बाउंडरी पर तनाव ऊर्जा संगृहीत हो जाती है जिससे क्रिस्टल छोटा हो जाता है और चट्टानों का विरूपण होता है। ये ऊर्जा भूकंपों के रूप में कमजोर जोनों एवं फॉल्टों के जरिये सामने आती है।

हालांकि, भूकंप कब, कहां और कितनी अधिक ऊर्जा (मैग्नीट्यूड) के साथ आ सकता है, इसकी अभी कोई सटीक तकनीक विकसित हो नहीं पाई है, केवल किसी क्षेत्र की अति संवेदनशीलता को उसकी पूर्व भूकंपनीयता, तनाव बजट की गणना, सक्रिय फाल्टों की मैपिंग आदि से समझा जा सकता है। आज जरूरी है कि जिन इलाकों में बार-बार धरती डोल रही है वहां भूवैज्ञानिक अध्ययनों का पूरी तरह उपयोग करते हुए उप-सतही संरचनाओं, ज्यामिति तथा फाल्टों एवं रिजों के विन्यास की जांच की जानी है। चूंकि नरम मृदाएं संरचना की बुनियादों को सहारा नहीं दे पातीं, भूकंप प्रवण क्षेत्रों में बेडरॉक या सख्त मृदा की सहारा वाली संरचनाओं में कम नुकसान होता है। इस प्रकार, नरम मृदाओं की मोटाई के बारे में जानने के लिए मृदा द्रवीकरण अध्ययन किए जाने की भी आवश्यकता है। सक्रिय फॉल्टों को निरूपित किया जाना है वहीं जीवनरेखा संरचनाओं या अन्य अवसंरचनाओं को नजदीक के सक्रिय फॉल्टों से बचा कर रखे जाने और उनका भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप निर्माण किए जाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सवा तीन करोड़ लोगों की आबादी का चालीस फीसदी इलाका अनधिकृत है तो 20 फीसदी के आसपास बहुत पुराने निर्माण। बाकी रिहाइशों में से बमुश्किल पांच फ़ीसदी के निर्माण या उसके बाद यह सत्यापित किया जा सका कि यह भूकंपरोधी है। बहुमंजिला मकान, छोटे से जमीन के टुकड़े पर एक के ऊपर एक डिब्बे जैसी संरचना, बगैर किसी इंजीनियर की सलाह के बने परिसर, छोटे से घर में ही संकरे स्थान पर रखे ढेर सारे उपकरण व फर्नीचर, भूकंप के खतरे से बचने की चेतावनियों को नजरअंदाज करने की मजबूरी भी है और कोताही भी। वल्नरेबिलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की बिल्डिंग मैटीरियल एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दिल्ली के 91.7 प्रतिशत मकानों की दीवारें पक्की ईंटों से जबकि 3.7 प्रतिशत की दीवारें कच्ची ईंटों से बनी हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, ईंटों से बनी इमारतों में भूकंप के दौरान सर्वाधिक तबाही होती है।

राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के एक शोध से स्पष्ट हुआ कि भूकंप का एक बड़ा कारण धरती की कोख से जल का अंधाधुंध दोहन करना भी है। भू-विज्ञानियों के अनुसार, भूजल धरती के भीतर लोड यानी भार के तौर पर उपस्थित होता है। इसी लोड के चलते फाल्ट लाइनों में भी संतुलन बना रहता है।

देश के जिन भी इलाकों में यदा-कदा धरती कांपती रहती है, उन सभी शहरों-जिलों में पारम्परिक जल-निधियों- जैसे तालाब, झील, बावड़ी, छोटी नदियों को पानीदार बनाए रखना जरूरी है। साथ ही शहरों में आबादी का घनत्व कम किया जाए, जमीन पर मिट्टी की ताकत मापे बगैर कई मंजिला भवन खड़े करने और बेसमेंट बनाने पर रोक लगाई जाए। भूजल के दोहन पर सख्ती हो, इसके साथ ही देश के भूकंप संभावित इलाकों के सभी मकानों में भूकंप रोधी रेट्रोफिटिंग करवाई जाए। वहीं पारम्परिक जल निधियों को सूखने से जरूर बचाया जाये।

# क्रियाशील उद्यमिता

स्वामी विवेकानंद के पास एक युवक आया। आते ही उनके सामने अपनी परेशानी रख दी। कहने लगा कि, 'मैं बहुत गतिशील हूं। ये हवा है न बिल्कुल ऐसे ही। सुबह से शाम तक इतना काम करता हूं मगर मेरे महाविद्यालय में सम्मान औरों को मिला। मुझे तो कोई मान पत्र दिया ही नहीं गया।' उसकी बात सुनकर, विवेकानंद उसको अपने साथ जंक्शन तक ले गये। रेलगाड़ी के नजदीक ले जाकर वे उसे बोले, 'देखो, यह है रेल का इंजन, इसके पास खड़े होकर देखो। काम करने वाली भाप का स्वर कोई नहीं सुनता, केवल व्यर्थ जाने वाली भाप ही शोर मचाती है। जो ऊर्जा और शक्ति तुम उपयोग कर रहे हो वह अपना काम पूरी शांति से कर रही है उसको चीखने और ढोल पीटने की कभी कोई जरूरत नहीं है। इसलिए हर बात का प्रचार और उपद्रव नकारात्मक है, इससे बचो।' युवक उसी समय जाग्रत हो गया और बस हर समय काम पर ही ध्यान देने लगा। अब वह नाम पर आसक्त नहीं रहा।

**प्रस्तुति : पूनम पांडे**

## आज का राशिफल




**मेष**- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको कोई मूल्यवान वस्तु भेट स्वरूप प्राप्त हो सकती है। आप जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं, जिसमें आप अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें।

**वृष**- आज का दिन आपके लिए एक से अधिक स्त्रोतों से आय दिलाने वाला रहेगा और कला कौशल को बल मिलेगा। आप अपने जीवन स्तर में सुधार लाने की पूरी कोशिश करनी होगी, लेकिन आप अपनी जिम्मेदारियों से पीछे ना हटें, नहीं तो समस्या हो सकती है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको व्यापार में नियंत्रण बनाए रखना और अपने खर्चों पर अंकुश लगाए, नहीं तो समस्या हो सकती है। किसी से उधार लेने से बचें। विभिन्न कार्यों में आप अच्छा निवेश करेंगे।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए तरक्की लेकर आने वाला है, जिससे काम में आप आगे बढ़ेंगे, उसमें आप सफल रहेंगे और किसी काम को पहल करने की आदत आपकी अच्छी रहेगी। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई सूचना सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला वाला है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपको वरिष्ठ सदस्यों से अपने मन की बात को कहने का मौका मिलेगा। आर्थिक विषय में आपको तेजी दिखानी होगी और आपको अपनी सोच में नकारात्मकता नहीं लानी है, नहीं तो समस्या हो सकती है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी दीर्घकालिक योजना पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आपको भगवान के प्रति आस्था बढ़ेगी। भाईचारे पर आपका पूरा जोर रहेगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने डेली रूटीन में कोई बदलाव न करें और आप अपनी वाणी व व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। सूझबूझ से आप आगे बढ़ेंगे, तो आपको अच्छा लाभ होगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए अच्छा रहेगा और आप अपने कामों में निसंकोच होकर आगे बढ़ेंगे, जिसमें आप किसी भी सही गलत के बारे में कुछ नहीं सोचेंगे और आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझ बूझ दिखाकर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। आपको उधार के लेनदेन से बचना होगा। आपको आय और व्यय बढ़ने से संतुलन बनाकर चलें। आप जल्दबाजी में कोई काम ना करें, नहीं तो समस्या हो सकती है।

**मकर**- आज आपको अपने लक्ष्यों पर पूरा फोकस बनाएं रखना होगा। आपका कोई मित्र आपके लिए मददगार साबित होगा। यदि आपको कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो उसमें आपके कष्टों में वृद्धि हो सकती है और व्यर्थ के बातों में आपको पड़ने से बचना होगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। प्रशासनिक मामलों में आप अपनी आंख और कान खुले रखें। यदि आपको कोई निवेश संबंधी सूचना सुनने को मिले, तो उसमें बहुत ही सोच विचारकर धन लगाएं, नहीं तो समस्या हो सकती है और आपको अपने कामों में प्राथमिकता देनी होगी।

**मीन**- आज का दिन आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जिसमें अपने माता-पिता को साथ लेकर जाना बेहतर रहेगा।

# बच्चे को जरूर सिखा दें पैसे और सेविंग्स का महत्व

**बच्चों की परवरिश आसान काम नहीं है। उनका फ्यूचर बचपन में सिखाई बहुत ही छोटी-छोटी आदतों पर डिपेंट करता है। जिसे वो समय के हिसाब से और ज्यादा निखार लेते हैं। अगर बच्चे में कुछ गलत हैबिट पड़ गई है तो समय के साथ खत्म होने के बजाय और निखर जाएगी। इसीलिए बड़े-बूढ़े हमेशा गुड हैबिट्स को बच्चों में डालने के लिए बोलते हैं। सारी गुड हैबिट्स के साथ ही बच्चों को पैसे का महत्व सिखाना भी जरूरी है। आजकल पैरेंट्स बच्चों की डिमांड के आगे पैसे को इंपॉर्टेंस नहीं देते। जिसकी वजह से उसकी सारी डिमांड पूरी होती है और वो सेविंग्स जैसे शब्द या फिर फिजूलखर्ची को नहीं समझ पाता। जरूरी है कि बच्चों को 5 साल का होने के साथ ही पैसे और उसकी इंपॉर्टेंस के बारे में बताया जाए।**



**फ्यूचर में नहीं करेंगे फिजूलखर्ची**

बच्चे किसी चीज की डिमांड के लिए जिद्दी हो जाए और वो चीज उनको तुरंत चाहिए। वाला रवैया खत्म करना बेहद जरूरी है नहीं तो बड़े होने के साथ ये आदत उनमे स्ट्रेस पैदा करने लगती है। इसलिए बच्चे को मनी की वैल्यू और रोल दोनों के बारे में समझाना जरूरी है। बच्चे को पैसे की वैल्यू सिखाने के लिए ये टिप्स जरूर आपकी हेल्प कर सकेंगे।

**बच्चे को सिखाएं इनकम का मतलब**

अपने बच्चे को पैसा कहां से आता है ये जरूर बताएं। 5 साल के बाद बच्चे चीजों को समझकर मांगने लगते हैं। ऐसे में उन्हें इनकम का मतलब बताएं। थोड़े बड़े होने के साथ उनकी पॉकेट मनी फिक्स कर दें और उसे मनी की वैल्यू समझाएं।

**बचत करना सिखाएं**

बच्चे को पॉकेट मनी देने के साथ ही एक छोटा पिगी बैंक यानी गुल्लक भी खरीदकर दें। जिसमे उसे पैसे इकट्ठा करने को बोलें। इस तरह से आप बचपन से ही बच्चे के अंदर सेविंग्स की आदत लगा सकती हैं और उसे सेविंग्स का मतलब आसानी से समझा सकती हैं।

**खर्च करने का तरीका समझाएं**

बच्चे की पॉकेट मनी फिक्स करने के साथ ही उसे समझाएं कि उसे कब किन चीजों की जरूरत है और वो उसे खरीदे। बिना सोचे पैसे खर्च करने के बजाय सोच-समझकर पैसे इन्वेस्ट करना सिखाएं। जिससे कि वो लक्जरी और जरूरत के बीच के फर्क को धीरे-धीरे समझने की कोशिश कर सके।

**बच्चे आपसे सी सीखेंगे**

शॉपिंग के लिए जाती हैं तो फटाफट बिना सोचे सामान खरीदती हैं तो बच्चे आपको देखकर ही सीखेंगे। इसलिए अपनी आदतों पर कंट्रोल करें। सामान खरीदने से पहले प्राइस देखना और उसका ऑप्शन खोजकर शॉपिंग करना अच्छी हैबिट है। इसे बच्चों में डेवलप करें और कोशिश करे कि बच्चा खुद से प्राइस देखकर अपने लिए बेस्ट ऑप्शन खोज सके। ये आदत फ्यूचर में उसे पैसे के प्रति जिम्मेदार बनाने में मदद करेगा।

**बच्चे को लेने दें डिसीजन**

बच्चों के दिमाग को कम समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। बच्चे को चीजें सिखाने के बाद उसे खुद से अप्लाई करने दें। ज्यादा कंट्रोल ना करें। जब वो अपने डिसीजन खुद से लेकर शॉपिंग करेगा और पैसे खर्च होंगे तो कुछ गलतियों से वो सीख जाएगा। इसलिए अच्छी आदतों को बढ़ाने के साथ थोड़ा धैर्य रखना भी जरूरी है। बच्चे में ये गुड हैबिट धीरे-धीरे ही डेवलप होगी।

# फूलों से निखारें चेहरे की रंगत





**मानसून के मौसम में पेड़-पौधे फूलों से लदे दिखते हैं। ऐसे में आप फूलों के इस्तेमाल से अपने चेहरे की रंगत को निखार सकते हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के कैमिकल वाले प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके साथ दावा किया जाता है कि चेहरे पर ग्लो आएगा। हालांकि, हकीकत में स्किन पर कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। अगर आप अपने चेहरे पर प्राकृतिक निखार यानी नेचुरल ग्लो चाहते हैं तो फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए जानते हैं चेहर पर कौन से फूलों को लगा सकते हैं।**

चमेली के फूल आजकल के मौसम में खूब खिल रहे हैं। चेहरे पर इसे लगाने के लिए आप चमेली के 8 से 10 फूलों को पीसें और पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। चमेली के फूलों से बने इस पैक से चेहरे में चमक आती है और टैनिंग कम होती है। गेंदे के फूल में एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो कील-मुहांसों को ठीक करने में सहायक होते हैं। गेंदे को 3 से 4 फूलों को पीसकर इसमें 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाकर फेस पैक बनाएं। अब इस पैक को 15 से 20 मिनट के लिए लगाएं और फिर साफ पानी से धोएं।

टैनिंग की समस्या में गुड़हल के फूलों से बना पैक फायदा करता है। एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर गुड़हल के फूल के इस्तेमाल से स्किन के रोमछिद्रों में जमी गंदगी दूर होती है।

इसका पैक बनाने के लिए आप 4 से 5 गुड़हल के फूलों का पेस्ट बनाएं और इसमें 1 चम्मच दही मिक्स करें। इस फेस पैक को 15 से 20 मिनट के लिए लगाएं और फिर साफ पानी से धो लें।

# बच्चों को बर्बाद कर सकती हैं आपकी ये 5 गंदी हरकतें

हर कोई चाहता है कि उसके बच्चे में संस्कार, सहनशीलता और सभ्यता जैसे गुण हों। हालांकि कई बार घर के सदस्य ही अनजाने में ऐसा व्यवहार करते हैं जो बच्चों पर गलत असर डालता है। छोटे बच्चे मां-बाप और परिवार के सदस्यों से ही आदतें सीखते हैं। कई बातों का उनके सबकॉन्शस माइंड पर इतना खराब असर बड़ता है कि जीवनभर के लिए उनकी पर्सनैलिटी में वो गलत आचरण आ जाता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की हर कोई तारीफ करे तो उसके सामने भूलकर भी ये गलतियां न करें।

**आपस में चीखना-चिल्लाना**

आप बच्चे के सामने किसी से चिल्लाकर बात करते हैं तो ऐसा करना उसे सामान्य लगता है। बच्चा कई बार खुद को बड़ों जैसा दिखाने के लिए उनकी तरह व्यवहार करने की कोशिश करता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि सबका सम्मान करें। बच्चे को हर बात पर डांटे या चिल्लाएं नहीं। चिल्लाने से बच्चा विद्रोही बनता है जबकि प्यार से आप उसे काबू में कर सकते हैं।

**गुस्से में न दें सीख**

जब बच्चा किसी बात पर रो रहा हो या जिद कर रहा हो तब उसे कोई ज्ञान या अनुशासन मत सिखाएं। जब वह जिद करे तो बेहतर होगा कि उसको इग्नोर करें। जब शांत हो तो उसे समझाएं कि उसका ऐसा करना क्यों गलत है।



**आपस में न झगड़ें**

बच्चे के सामने हमेशा अपने पार्टनर का सम्मान करें। ऐसा करने से वो भी कभी पेरेंट्स के सामने बदतमीजी करने की हिम्मत नहीं कर पाएगा। अगर किसी बात पर मतभेद हो तो वहां से बच्चे को हटा दें। बच्चे के सामने झगड़ें नहीं, इससे उसके दिमाग पर असर पड़ेगा और वह इनसिक्योर हो जाएगा।

**कॉन्टेंट पर रखें नजर**

बच्चे हमेशा दूसरों को कॉपी करते हैं। कई बार पेरेंट्स ध्यान नहीं देते बच्चे टीवी से भी गलत आदतें सीख लेते हैं। बच्चे को टीवी के सामने बैठाकर या मोबाइल देकर बेफिक्र न हो जाएं। वह क्या देख रहा है इस पर जरूर ध्यान दें। आजकल कई कार्टून्स में भी आपत्तिजनक सीन या डायलॉग्स होते हैं। लिहाजा बच्चा कार्टून्स देख रहा है, सोचकर बेफिक्र न हों। वह गलत व्यवहार करे तो सबको बताकर हंसे नहीं बल्कि उसे समझाएं कि ऐसा करना गलत है।

**न करें किसी की बुराई**

बच्चे के सामने स्कूल टीचर्स या अपने किसी फैमिली मेंबर की बुराई न करें। इसके अलावा अपनी फाइनैंशियल प्रॉब्लम्स, इंटीमेट रिलेशनशिप या अमर्यादित शब्द भी बच्चे के सामने न बोलें।

# वायरल बुखार में दर्द से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय





मानसून के मौसम में वायरल फीवर की समस्या से कई लोग जूझते हैं। अगर इस बुखार को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए तो घरेलू नुस्खों को अपनाकर आराम मिल सकता है।

भारतीय किचन में कई ऐसे मसाले होते हैं जिनके इस्तेमाल से बीमारियों का इलाज संभव है। यहां हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताने वाले हैं जिन्हें फॉलो करके आप वायरल फीवर में होने वाल दर्द और कमजोरी से राहत पा सकेंगे।

वायरल फीवर में दर्द से राहत पाने के लिए आप काली मिर्च का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आधा चम्मच काली मिर्च के पाउडर को एक चौथाई चम्मच हल्दी और आधा चम्मच सौंठ पाउडर के साथ 2 कप पानी में उबालें। जब ये पानी उबलकर आधा रह जाए तो इसे गुनगुना पिएं।

वायरल फीवर में लौंग भी फायदा करती है। इसके लिए आप 2 से 3 लौंग का पाउडर 1 चम्मच शहद में मिलाकर सेवन करें। इसके सेवन से गले का दर्द भी ठीक होगा।

औषधीय गुणों वाली तुलसी भी वायरल बुखार में कारगर है। इसके लिए आप 6 से 7 तुलसी के पत्तों को आधा चम्मच लौंग के पाउडर के साथ 1 लीटर पानी में उबालें और फिर दिन में 3 से 4 बार इसे थोड़ा-थोड़ा पिएं। आपको दर्द में आराम मिलेगा।

वायरल फीवर की समस्या में गिलोय फायदा करता है। 3 इंच की गिलोय की लकड़ी को 1 लीटर पानी में उबालें और जब ये आधा रह जाए तो गैस बंद कर दें। अब इस पानी को दिन में कई बार पिएं, आपको आराम मिलेगा। गिलोय के पानी से इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है।

धनिया के बीज कई बीमारियों में फायदेमंद होते हैं। वायरल फीवर में धनिया के बीजों का पानी पीने से फायदा मिलता है। इसके लिए आप धनिया के 1 चम्मच बीजों को रातभर के लिए 1 गिलास पानी में भिगोकर रखें और सुबह इसे पिएं।

# चाय बनने के बाद बची हुई पत्ती को फेंकने की न करें गलती

भारतीय हमेशा से ही चाय के शौकीन रहे हैं, यहां के घरों में 2 टाइम यानी सुबह और शाम में चाय पीना लोग काफी पसंद करते हैं। लेकिन चाय बनने के बाद इसकी पत्तियों को फेंक देते हैं या फिर पौधों में डालते हैं। चाय की पत्तियों को डालने से पेड़-पौधे अच्छे हो जाते हैं। यहां हम आपको चाय बनने के बाद बची हुई पत्ती के ऐसे इस्तेमाल बताने वाले हैं जिनके बाद आप इसे पौधों के अलावा भी यूज कर सकेंगे।

**बदबू दूर करने के लिए चाय की पत्ती का इस्तेमाल**

बरसात के मौसम में अक्सर घर में बदबू आने लगती है और इसके साथ ही किचन सिंक के पास मक्खियां भी भिनभिनाने लगती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए इस्तेमाल की गई चाय की पत्तियां काम आएंगी। इसके लिए आप 4 से 5 कपड़े के छोटे टुकड़े लें और इसमें 1-1 चम्मच चाय पत्ती भर दें, ऊपर से सभी कपड़ों पर लेमन एसेंशियल ऑयल या अपनी पसंद के किसी भी ऑयल की 3 से 4 बूंदें डालें। अब इन छोटी-छोटी पोटलियों को अलग-अलग जगहों पर रखें। ऐसा करने से आपका घर खुशबू से महक जाएगा।

**चॉपिंग बोर्ड साफ करने के लिए चाय की पत्ती**

बची हुई चाय की पत्तियों से आप अपने घर का चॉपिंग बोर्ड साफ कर सकते हैं। इसके लिए चाय की पत्तियों को चॉपिंग बोर्ड पर डालें अब इसमें 1 चम्मच डिश वॉश और 1 नींबू का रस मिलाएं। इससे अपने चॉपिंग बोर्ड को रगड़कर साफ करें। चाय की पत्ती स्क्रब की तरह काम करेगी और आपका चॉपिंग बोर्ड चमक जाएगा।

**खाना बनाने में चाय की पत्ती का इस्तेमाल**



चाय पत्ती का पानी पिंडी छोले पकाने या भटूरे के लिए छोले बनाते समय किया जाता है। इससे छोले का रंग गहरा भूरा दिखने लगता है। आप चाय की बची हुई पत्तियों को भी इसके उपयोग में ला सकते हैं। इसके लिए एक कपड़े में मसालों के साथ चाय की पत्ती को बांधें और फिर छोले के कुकर में डालकर साथ में उबालें। ऐसा करने से आपके छोले में रंग आ जाएगा।

# आंगन की फसल रहे रसायनों से मुक्त

**– रेणु जैन**

साधारण भाषा में किचन गार्डन को रसोईघर बाग, गृह वाटिका, पोषण वाटिका भी कहते हैं। जो घर के अगल-बगल या घर की छत में ऐसी खुली जगह होती है, जहां पारिवारिक श्रम से परिवार के इस्तेमाल हेतु विभिन्न मौसमों के अनुसार मौसमी फल, विभिन्न सब्जियां तथा कई तरह की जड़ी-बूटियां भी उगाई जाती हैं। किचन गार्डन का मकसद रसोईघर के वेस्ट पानी तथा घर में बनाई खाद का इस्तेमाल करना भी होता है। आजकल बाजार में फल,सब्जियों में जमकर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है। भले ही हम सब्जियों को धोकर इस्तेमाल करते हैं लेकिन फिर भी कुछ न कुछ अंश हमारे शरीर में चला ही जाता है। पेस्टिसाइड एटलस 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि खेतों में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशकों से हर साल 11 हजार से ज्यादा मौतें होती हैं। गंभीर बात यह भी कि इनमें से करीब 60 फीसदी मौतें भारत में ही होती हैं। इतना ही नहीं, ये कीटनाशक दुनियाभर में 38.5 करोड़ लोगों के बीमार होने की वजह भी हैं।

**फायदे बेमिसाल**

किचन गार्डन में उगी सब्जियों में कोई पेस्टिसाइड नहीं होता जो हमें कई तरह की बीमारियों से बचाता है। स्वाद से भरपूर सब्जियां हमारे घर के बजट को संतुलित रखती हैं। भले बाजार में महंगी हों, हमारे घर पर हमें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। आप अपने मन मुताबिक कभी भी उन्हें तोड़कर बना सकते हैं। तुलसी,मीठे नीम की पत्तियां, गिलोय,अजवाइन की पत्तियां, अरबी के पत्ते,मेथी, पालक, जैसी कई अन्य सब्जियां आसानी से घर में उगाई जा सकती हैं। हेल्दी होने के साथ ही ये पत्ते कई शारीरिक फायदों से भरपूर होते हैं।

**कीटनाशक से नुकसान**

बात चाहे घर के गार्डन की हो या खेतों की, लगातार रासायनिक खाद तथा कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता व गुणवत्ता घटने लगती है। वहीं अनाज व सब्जी की फसल पर इनका उपयोग सेहत के लिए ठीक नहीं। चिंता की बात यह भी है कि जहां एक तरफ दुनिया के कई देशों ने कीटनाशक दवाइयों को प्रतिबंधित कर दिया है वे भारत में धड़ल्ले से बिक रही हैं। गेहूं के



ऊपर मेथोलिन पाउडर के इस्तेमाल से किसान बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। सारे देश के दूध के कई नमूनों में डीडीटी की मौजूदगी पाई गई है। जो हमारे गुर्दों, होंठों, जीभ तथा यकृत को नुकसान पहुंचाते हैं। खून में डीडीटी की मात्रा की अधिकता कैंसर को जन्म देती है। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि जब मिट्टी दूषित हो जाती है तो शरीर का विकास भी थमने लगता है जो कुपोषण का एक कारण भी है।

**किचन गार्डन कुपोषण से भी बचा रहा**

लखनऊ में एक अनोखा अभियान चल रहा है। यहां पर घर-घर किचन गार्डन के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के किचन के बाहर खाली पड़ी जमीनों पर पोषण वाटिका बनाई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी में इन पोषण वाटिका में उगने वाले फल,सब्जियां कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में दिए जाते हैं।

**सिक्किम से सीख**

सिक्किम का प्रामाणिक तौर पर 100 फीसदी जैविक राज्य बनना अनुकरणीय है। सिक्किम ऐसा इसलिए कर पाया कि उन्होंने कृत्रिम रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई। उपयोग में लेने वालों को जुर्माना तथा सजा दोनों का प्रावधान है। फल,तथा सब्जियों पर जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग को रोकने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद दिल्ली ने कई कीटनाशकों पर आंशिक या पूर्ण प्रतिबंध लगाया है जिसके तहत जुर्माने तथा सजा का भी प्रावधान है। इसके बावजूद पूरे देश में ऐसे कीटनाशकों की बिक्री बेरोकटोक जारी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, देश में बढ़ते कीटनाशकों का समाधान जैविक खेती व जैविक बागवानी ही है।

**सुखद प्रयास**

कोरोना के बाद जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चालू की हैं। एक अच्छी खबर यह भी आई कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के एक किसान ने निमसार नामक ऐसा रसायन तैयार किया है जिससे सब्जियों पर छिड़काव के बाद किसी और रासायनिक कीटनाशक की जरूरत नहीं पड़ती। यह रसायन गोबर,गौमूत्र, धतूरा जैसी चीजों से मिलाकर बनाया जाता है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का एक किसान कचरे तथा गोबर से जैविक खाद बनाकर हर साल 15 लाख तक कमाता है।

# उदासी से उबारे अपनों का साथ

**– डॉ. मोनिका शर्मा**

उदासी किसी को कब घेर लेती है समझ ही नहीं आता? यह जानना भी मुश्किल होता है कि निराशा के भाव कैसे किसी के मन में डेरा जमा लेते हैं? न ही इस बात की खबर लग पाती है कि भावनात्मक बिखराव अचानक क्यों दस्तक देता है? या किस वजह से दिलो-दिमाग परेशानियों के भंवर में डूबने लगता है? ऐसे में उदासी से घिरते किसी के मन की मदद का सही रास्ता जानना भी आवश्यक है।

**परवाह के प्रयास**

कोई अपना हो या पराया, उदासी और उलझनों में फंस जाने के बाद उसे निकालने के प्रयास परिचित-अपरिचित सभी करते हैं। हर प्रयास



मानवीय भाव लिए होता है। देखा जाए तो ऐसी कोशिशें जरूरी भी हैं। विचारणीय है तो यह कि अधिकतर लोगों को उदासी के दौर में किसी इंसान की सहायता करने के सही तरीके का पता ही नहीं होता। लाजिमी भी है क्योंकि मन का भी अपना विज्ञान होता है, और हर कोई इसका विशेषज्ञ नहीं हो सकता। ऐसे में एक हालिया शोध के नतीजे गौर करने लायक हैं। इस रिसर्च में सामने आया कि हर इंसान के मन को ठीक करने का तरीका इस बात निर्भर है कि मन की खिन्नता का कारण क्या है? इस शोध का सबसे ज्यादा ध्यान देने वाला पहलू यह है कि उदासी का कारण पता न होने पर भी ज्यादातर मामलों में उस इंसान के साथ में बैठकर बात करना बहुत मददगार साबित होता है। उसके आसपास के लोगों का शांत हो जाने या मन बहलाने के उपाय करने से ज्यादा जरूरी संवाद का सेतु बनाना है। सुखद यह कि मन का मौसम बदलने की यह कोशिश तो हर कोई सहजता से कर सकता है। बातचीत के बहाने किसी को सहज फील करवाने के लिए विशेषज्ञता नहीं चाहिए। बावजूद इसके शब्दों से किसी मन को साधने वाली परवाह का यह प्रयास कम ही देखने को मिलता है।

**संवाद और साथ का भाव**

आमतौर पर किसी अपने के उदास होने पर शॉपिंग या लंच-डिनर पर बाहर ले जाने , गुलदस्ता या उपहार भिजवाने या फिर हॉलिडे ट्रिप प्लान करने जैसे कदम बहुत उत्साहित होकर उठाए जाते हैं। मन बहलाने के इन उपायों में बहुत कुछ शामिल होता है, सिवा आपसी बातचीत के। जबकि सहज संवाद की राह पकड़े बिना किसी का भी मन उलझनों से बाहर नहीं आ सकता है। कई बार किसी के मन के गुबार को सुन लेना ही काफी होता है। अपनों की मौजूदगी ही किसी को बेहतर महसूस करवाने के लिए काफी होती है। यूं उलझन के दौर में किसी को सुनना यह विश्वास जगाता है कि आप उस इंसान की परवाह करते हैं। उसके मनोभावों को समझते हैं। परेशानी के दौर में उसके साथ हैं। इसीलिए किसी भी बहाने से बातचीत का सिलसिला शुरू करना आवश्यक है। ऐसे समय सुखद स्मृतियों की बात करना चेहरे पर मुस्कुराहट ला सकता है। साथ ही इमोशनल टूटन के दौर में उपलब्धियों का जिक्र या व्यक्तित्व के अच्छे पक्ष की सराहना भी मनोबल बढ़ा सकती है। ऐसी बातों से न केवल दिल बहलता है बल्कि मन का बोझ भी कम होता है। भविष्य की उम्मीदों को बल मिलता है। जिससे उदासी के बादल भी छंटते हैं।

**अकेला न छोड़ें**

अकसर बिगड़े मूड और बिखरी मनःस्थिति में लोगों को अकेला छोड़ दिए जाने की राह चुनी जाती है। 'कुछ समय में सब ठीक हो जाएगा' या 'इसे अकेले रहने दो, मन ठीक होगा तो बात करते हैं ' ऐसा सोचकर उस इंसान बातचीत करना बंद कर दी जाती है। इस शोध में शामिल लोगों से जब पूछा गया कि किसी जानने वाले से झगड़े या बहस के बाद वे अपनों से कैसी प्रतिक्रिया की उम्मीद रखते हैं? सबसे ज्यादा लोगों ने यह इच्छा जताई कि लोग उनका पक्ष सुनें और सहमति जताएं। साथ और संवाद के इस भाव से उन्हें किसी के साथ का भरोसा मिलता है। यह बात अजीब लग सकती है।

**निराशा में सहमति देना**


सवाल उठता है कि निराशा की स्थिति में किसी को सुना तो जा सकता है पर उनका पक्ष जानकर सहमति ही जताई जाए, यह कैसे संभव है? असल में उस मनोदशा में साथ और संवाद की निरंतरता बनाए रखने के लिए ऐसा करना आवश्यक है। उस समय कुछ भी उनके मन मुताबिक न कहना उन्हें और गमगीन कर सकता है। इसीलिए दुखी करने या उकसाने वाली बात न कहें। बाद में सहज मनःस्थिति में उस घटना के हर पहलू पर बात की जा सकती है। अच्छे से सोच-समझकर सवाल-जवाब भी किए जा सकते हैं। यूं भी परेशानी से निकलने के बाद इंसान स्वयं भी अपने गलत या सही बर्ताव को स्पष्ट रूप से समझ ही जाता है। इसीलिए बिखरी मनोदशा में किसी से किनारा करने के बजाय कुछ कहने-सुनने का रास्ता पकड़ना चाहिए।

# दीवारों की रंगत बदल दें पीवीसी पैनल



**– रजनी अरोड़ा**

आकर्षक और सुव्यवस्थित तरीके से सजे घर की चाहत हर किसी की होती है। जिसके लिए व्हाइट-वॉश या पेंट करवाने या फिर डिजाइनर पेपर या टाइल्स लगवाने पर अच्छा-खासा खर्चा आता है। यूं भी हर साल-दो साल बाद पेंट करवाना काफी मशक्कत का काम है। ऐसे में, इंटीरियर को आकर्षक बनाने के लिए कई आसान विकल्प चलन में हैं। उनमें से एक है- पीवीसी यानी पॉली विनाइल क्लोराइड वॉल पैनल। पीवीसी पैनल घर के अलावा ऑफिस, अस्पताल, होटल, शापिंग कॉम्पलेक्स आदि के इंटीरियर को आकर्षक बनाने के लिए भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। वहीं फाल्स सीलिंग की सुंदरता बढ़ाने के लिए भी पीवीसी सीलिंग पैनल का उपयोग कर सकते हैं। ये पैनल प्लास्टर, टाइलों व छत पर लगाए जा सकते हैं। वाटर-प्रूफ और जंग-प्रूफ होने के कारण मॉयश्चर से ये खराब नहीं होते और थोड़े रख-रखाव से सालों साल अच्छा लुक देते हैं। वहीं ये एन्वायरमेंट



फ्रेंडली और पॉकेट फ्रेंडली हैं। ये पैनल विभिन्न आकारों, रंगों, डिजाइनों और वर्टिकल-हॉरिजोंटल पैटर्न में आते हैं। इनमें वुडन, मार्बल, फ्लोरल, ज्योमैट्रिकल आदि कई तरह के डिजाइन मिल जाते हैं। इनमें प्लेन व लैमेनेटिड के विकल्प होते हैं। जानिये इनके प्रकार-

**पीवीसी शीट्स**

ये पैनल 6-8 मिमी मोटे, 10-12 इंच चौड़े और 10-12 फुट लंबे होते हैं। अंदर से खोखले लेकिन मजबूत होते हैं। इन पैनलों को कारीगर कीलों से लगाते हैं। दीवारों के ऊपरी-निचले किनारों पर बीडिंग लगाई जाती है जिसके बीच में पैनल सेट किए जाते हैं जिनके किनारों पर इंटरलाकिंग सिस्टम होता है। दीवार के कोनों और किनारों को कवर करने के लिए कॉर्नर या एज मोल्डिंग पैनल होते हैं।

**3-डी पैनल**

ये एम्बॉसिंग इफेक्ट (उभार) वाले पीवीसी वॉल पैनल हैं। दीवार पर लाइट सिस्टम ऐसा बनाया जाता है जिससे पैनल में 3-डी इफेक्ट उभर आता है।

**लागत या कीमत**

पैनल की कीमत घर में दीवारों की स्थिति, पैनल की क्वालिटी व लगाने के पैटर्न पर निर्भर करती है। एम्बोस्ड पैनल की कीमत अधिक होती है। एक पैनल की कीमत करीब 500 रुपये आती है। 10/15 फुट के कमरे में कॉमन पैटर्न में पैनल लगवाने में करीब 25 हजार खर्च आ जाता है। अगर पैनल की फाल्स सीलिंग बनवानी हो, तो डिजाइन और लाइटनिंग के आधार पर कीमत बनती है। पीवीसी पैनल का आकर्षण 10 साल बना रहता है।

**ये हैं फायदे**

यदि दीवार में नमी है तो आप वॉल पेपर या पेंट का उपयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक नमी कम न हो जाए। तो ऐसे क्षेत्रों में पीवीसी दीवार पैनल सर्वोत्तम उपलब्ध विकल्प हैं। वहीं ये सीलन या नमी को एब्जार्ब नहीं करते। दीवारों में आने वाली नमी को लॉक करके रखते हैं जिससे सीलन का इन पर असर नहीं होता। अन्य लाभ यह कि प्लेन और चिकनी सतह के कारण इनमें कीड़ा लगने का डर नहीं रहता।

पीवीसी पैनल वज़न में हल्के लेकिन काफी मजबूत होते हैं। वहीं बहुत कम समय में और आसानी से इन्सटाल किया जा सकता है। एक कमरा 4-5 घंटे में तैयार हो जाता है। बजट के अनुकूल तो ये पैनल हैं ही। साफ करना काफी आसान होता है। इन्हें 10-15 दिन में गीले मुलायम कपड़े से पौंछना पर्याप्त है। वहीं इंटरलाकिंग सिस्टम की वजह से हटाना और पुनः स्थापित करना आसान है। एकाध पैनल खराब भी हो जाता है, तो बदला जा सकता है। लेकिन कुछ नुकसान भी हैं जैसे अगर कोई नुकीली चीज टकराती है तो खरोंच या डेंट लग सकते हैं। यदि आप किसी फोटो फ्रेम या लटकाना चाहते हैं, तो पैनल लगाने के बाद दीवार तक गिट्टी लगाना कठिन हो जाता है।


# घर के फ्लोर को दें रॉयल लुक

**– निधि गोयल**

घर में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन आपके इंटीरियर का होता है। असल में, घर की दीवारों से लेकर घर की फ्लोरिंग तक सभी इस बात पर निर्भर करती हैं कि आपने किस तरह के कलर कॉम्बिनेशन से घर को निखारा है। तो जरूरी है कि आप इंटीरियर पर पूरी तरह ध्यान दें। अगर फ्लोरिंग की बात की जाए तो आप फ्लोरिंग में ऐसे टाइल्स या पत्थर का इस्तेमाल कर सकते हैं जो घर को अट्रैक्टिव लुक देते हैं। आजकल अलग-अलग तरह की फ्लोरिंग का ट्रेंड जारी है तो जानिए इनकी विभिन्नताओं के बारे में-

**मार्बल फ्लोरिंग**

यदि आप मार्बल फ्लोरिंग की बात करें तो मार्बल फ्लोरिंग तो हमेशा से ही पसंद की जाने वाली फ्लोरिंग है। इसमें बहुत सारी वैरायटी मौजूद हैं। जैसे कि जैसलमेर, कटनी, स्लेट, ग्रेनाइट, राजपुर मार्बल, जयपुर पिंक मार्बल, लाइमस्टोन, सैंडस्टोन आदि में से आप चुनाव कर सकते हैं। मार्बल फ्लोरिंग घर को



क्लासिक लुक देता है। यही वजह है कि नैचुरल लुक के चाहवानों की यह पहली पसंद है। मार्बल टाइल्स, शीट्स, ब्लॉक्स तथा अनेक कलर्स में मिलता है। इटैलियन मार्बल में मकराना,रामधानी आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। मार्बल टाइल्स का प्रयोग फ्लोरिंग,स्कल्पचर,काउंटर टॉप्स आदि में किया जा सकता है। वहीं मार्बल फर्श ड्यूरेबल भी है।

**क्लासिक डेकोर के लिए 'वुडन'**

यदि घर को क्लासिक व जरा हटकर लुक देना है तो आप घर में वुडन फ्लोरिंग करवाएं। वुडन फ्लोरिंग से कमरा ज्यादा बड़ा और खुला-खुला लगता है। ब्राइट व लाइट कलर्स को मिक्स एंड मैच करके लगाने से वुडन फ्लोरिंग खास इम्पैक्ट डालती है। लाइट ब्राउन से लेकर डार्क ब्राउन और लाइट ब्लू व महोगनी शेड में उपलब्ध लैमीनेटेड वुड प्लैंक्स को कहीं भी लगा सकते हैं।

**डिफरेंट टाइप की टाइल्स**

यदि आप कम खर्चे में घर को सजाना चाहते हैं तो घर में फर्श पर टाइल्स लगवाएं। ये कम खर्च में घर को डिफरेंट लुक देती हैं। इन्हें किसी भी कमरे में लगाया जा सकता है। इनका रखरखाव बहुत आसान होता है तथा कंटेम्प्रेरी सेटिंग में भी ये अच्छी लगती हैं। ट्रेडिशनल स्टाइल की सेटिंग में भी इन्हें मैच कर के लगाया जा सकता है। आजकल विट्रीफाइड, सेमी विट्रीफाइड और डिजाइनर टाइल्स के अलावा टेराकोटा, इटैलियन, मिरर ग्लेज्ड, चाइना ग्लेज्ड के अलावा मोजैक टाइल्स भी पसंद की जा रही हैं। चाहे आप सेरेमिक लें या विट्रीफाइड टाइल्स-बजट, ड्यूरेबिलिटी व मेन्टेनेंस परफेक्ट रहती है।

**कार्पेट,रग्स और मैट**

यदि आपका मन फ्लोर को सॉफ्ट लुक देने का है तो कार्पेट,रग्स व मैट का उपयोग किया जाता है,जिनसे रंग तो बिखरते ही हैं,साथ ही रूम में एक वॉर्म लुक भी आता है। ढेर सारे कलर्स,पैटर्न व टेक्सचर में उपलब्ध कालीन हर तरह की सेटिंग में चार चांद लगा देते हैं। आर्टिफिशियल घास वाले कार्पेट इन दिनों चलन में हैं जिससे कमरे को नैचुरल लुक मिलता है।

**लेदर**

लेदर फ्लोर टाइल्स अनगिनत रंगों व साइज में मिलती हैं। ये बहुत ही एलिगेंट लगती हैं। वहीं नरम होने के कारण लग्जरी का अहसास देती हैं।

**टेराकोटा टाइल्स**

इस तरह की टाइल्स रस्टिक लुक देती हैं। जिसकी वजह से पूरी दुनिया में इन्हें पसंद किया जाता है। ड्यूरेबल होने के साथ-साथ अपने खास कलर्स की वजह से भी ये हमेशा ट्रेंड में रहती हैं।

**लैमिनेट**

मल्टीपल लेयर होने के कारण लैमिनेट फ्लोरिंग सिंथेटिक होने के बावजूद स्टोन या वुडन लुक देती हैं। इन्हें लगाना आसान होता है और बने हुए फ्लोर को बिना तोड़े इन्हें लगाया जा सकता है।

## असम के सीएम ने राजिम के सर्कस मेला मैदान में भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित किया

# भगवान महादेव के नाम से किया सट्टा घोटाला, कांग्रेस जान लें कि महादेव भी उन्हें नहीं छोड़ेगा : हेमंत बिस्वा सरमा

**राजिम ( दैनंदिनी )।** असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा मंगलवार दोपहर राजिम के सर्कस मेला मैदान में भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित करने के पहले कहा कि मैं मां कामाख्या देवी की धरती से छत्तीसगढ़ आया हूं।

यहां भगवान श्रीराम के ननिहाल और भगवान श्री राजीव लोचन की धरती को प्रणाम करता हूं। कहा कि छत्तीसगढ़ में हम पिछले 10 दिनो से घूम रहे हैं। चुनाव के जानकार हमें बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने जा रही हैं। श्री बिस्वा सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल के ऊपर वार करते हुए कहा कि वे अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। सीएम पद की क्या गरिमा होती हैं उन्हें जानना चाहिए। कहा कि बना तो वह ढाई साल के लिए था परंतु उन्हें एक्सटेंशन मिल गया पांच साल के लिए। जब एक्सटेंशन मिला तो कुछ तो लेन-देन हुआ ही होगा? ये एक ऐसे सीएम हैं जिन्होने महादेव को भी नही छोड़ा। महादेव के नाम से सट्टा घोटाला किया। वे जान लें कि महादेव भी भूपेश बघेल को नही छोड़ेगा।

बहुत ही रोचक अंदाज में श्री बिस्वा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल अपने आपको स्मार्ट समझते हैं। राहुल गांधी के कहने पर उन्होने 20 क्विंटल धान खरीदी का ऐलान करते हुए समर्थन मूल्य तीन हजार किया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 21 क्विंटल धान और 31 सौ रूपए किया। इसके बाद उन्होने 32 सौ रूपए का घोषणा कर दिया। पर 20 क्विंटल से आगे नही बढ़ा। हम बता देना चाहते हैं कि पहला चरण के 7 नवंबर को हुए चुनाव में भाजपा की बढ़त हैं और दूसरा चरण में भी हम आगे रहेंगे।




श्री बिस्वा ने बताया कि भूपेश बघेल असम गया था वहां बताया था कि वे छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भता दे रहे हैं। हम कहते हैं रोजगार देना प्राथमिकता से शामिल होना चाहिए। हमने असम में 90 हजार युवाओं को स्टेडियम में खड़ा कराके नियुक्ति पत्र सौंप दिया। असम के सीएम श्री बिस्वा के टारगेट में भूपेश बघेल ही था वे बार-बार श्री बघेल का नाम लेकर कहे कि पीएससी में इन्होने घोटाला किया। यहां के युवा इन्हें माफ नही करेंगे। 16 लाख गरीबो का आवास नही दिया। गरीब इन्हें माफ नही करेंगे। कहा कि हम इन गरीबो को पक्का घर बनाकर देंगे और अगले महिने से ही माताओं को 1 हजार रूपए देंगे।

श्री बिस्वा ने सोनिया,राहुल,प्रियंका,भूपेश बघेल का नाम लेकर कहा कि इन्होने रामलला का दर्शन कभी नही किया। इसलिए कि बाबर और औरंगजेब नाराज हो जाएगा। कांग्रेस देश में कितने लंबे समय तक राज की हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू,इंदिरा गांधी,राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहे। इन्हे राम मंदिर बनाना था न,क्यों नही बनाया? हम राहुल,प्रियंका,सोनिया के खिलाफ बोलते हैं तो ये हमारा कंपलेन नही करते पर यदि अकबर के खिलाफ बोलते हैं तो कंपलेन करते हैं। आखिर ये बताए कि अकबर से इनके क्या संबंध हैं। श्री बिस्वा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सीएम भूपेश बघेल हैं पर काम अकबर और ढेबर संभाले हुए हैं। भाजपा की सरकार बनते ही बाबर और औरंगजेब का खेला खत्म करेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी हैं कि छत्तीसगढ़ के 1 लाख बच्चो को नौकरी देंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार बनाना हैं। महादेव एप्प वालो को हम छोड़ेंगे नही। शराबबंदी के लिए गंगाजल का कसम खाया था पर किया नहीं.

# श्रेयस अय्यर ने लगाई छक्कों की झड़ी



टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन बनाए। इस पारी में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने शतकीय पारी खेली। ये विराट के करियर का 50वां वनडे शतक है।

वहीं, श्रेयस अय्यर ने तेज रफ्तार से रन बनाते हुए ये शानदार पारी खेली। इस पारी के दौरान उनके बल्ले से कई बड़े छक्के जड़े और उन्होंने वर्ल्ड कप का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

श्रेयस अय्यर ने बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर ने इस पारी में 70 गेंदों पर 150 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए। अय्यर ने इस पारी के दौरान 4 चौके और 8 लंबे छक्के जड़े। इसी के साथ वह वर्ल्ड कप के एक मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सौरव गांगुली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सौरव गांगुली ने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच में 7 छक्के लगाए थे। वहीं, युवराज सिंह भी वर्ल्ड कप के एक मैच में 7 छक्के लगा चुके हैं।

**एक वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय**

8 - श्रेयस अय्यर बनाम न्यूजीलैंड, 2023*
7 - सौरव गांगुली बनाम श्रीलंका, 1999
7 - युवराज सिंह बनाम बांग्लादेश, 2007
6 - कपिल देव बनाम जिम्बाब्वे, 1983
6 - रोहित शर्मा बनाम पाकिस्तान, 2023
6 - श्रेयस अय्यर बनाम श्रीलंका, 2023

टीम इंडिया ने खड़ा किया बड़ा स्कोर

भारतीय टीम ने इस मैच में टॉस जीकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। एक बार फिर रोहित और गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने 29 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। इसके बाद गिल क्रैम्प के चलते रिटायर हो गए। लेकिन विराट कोहली और अय्यर ने रनों के सिलसिले को जारी रखा और शतक जड़े। कोहली ने 113 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 117 रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने भी 20 गेंदों में 195 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। वहीं, पारी के आखिरी समय में गिल रिटायर हर्ट से वापस आकर नाबाद लौटे। उन्होंने नाबाद 80 की पारी खेली।

# नाना पाटेकर ने फिल्म शूटिंग के दौरान सेल्फी लेने पहुंचे फैंस को मारा थप्पड़



फैंस अकसर अपने फेवरेट सेलेब्स के साथ सेल्फी लेने के लिए एक्साइडेट रहते हैं। लेकिन ये सेलिब्रिटी के मूड पर निर्भर करता है कि वो उनके साथ कैसा व्यवहार करते हैं। लेकिन कोई कभी ये नहीं सोच सकता है कि सेलेब्स सेल्फी लेने आए फैन को थप्पड़ भी मार सकते हैं। लेकिन नाना पाटेकर ने ऐसा कर दिया है। जी हां, हाल ही में सोशल मीडिया पर नाना का एक वीडियो इस वक्त जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो उनके साथ सेल्फी ले रहे एक फैंन को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं।

**नाना ने फैन को जड़ दिया थप्पड़**

ये वीडियो वाराणसी का बताया जा रहा है, जहां नाना पाटेकर अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। सामने आए वीडियो में आप देख सकते है कि नाना पाटेकर शूटिंग के सेट पर भूरे रंग के कोट के साथ भूरे ही रंग की हैट लगाये और मफलर पहने दिख रहे हैं। तभी इस दौरान एक फैन उनके साथ सेल्फी लेने के लिए आता है, जिसे देख नाना इस कदर भड़क जाते हैं कि वो उसके सिर पर जोरदार थप्पड़ मार देते हैं। ये मामला यहीं नहीं रुकता, नाना के थप्पड़ मारने के बाद उनके साथ मौजूद क्रू मेंबर उसे गर्दन से पकड़कर उसे वहां से खदेड़ देता है। दुनिया के सामने खुद को जमीन से जुड़ा इंसान बताने वाले नाना पाटेकर की ये हरकत फैंस को हैरान कर रही है। अब इस वजह से फैंस उन्हें जमकर ट्रोल करते हुए नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि नाना पाटेकर अच्छा बनने का दिखावा करते हैं लेकिन उनकी सच्चाई ये ही है। बता दें कि इससे पहले भी नाना पाटेकर कई विवादों में घिर चुके हैं।

**नाना का वर्कफ्रंट**


वहीं एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करे तो वो हाल ही में वह विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' में नजर आए थे। वहीं इन दिनों नाना 'गदर' के डायरेक्टर अनिल शर्मा की फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग कर रहे हैं। ये शूटिंग वाराणसी में चल रही है। नाना का ये वायरल वीडियो भी इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान का है।

## वास्तु से समाधान

– पं. देव नारायण शर्मा (वास्तु सलाहकार)

– दैनिक दैनन्दिनी https://www.dainandini.in

# भवन के दक्षिण दिशा में लकड़ी की बनी हुई वस्तुओं को रखने से लाभ मिलता है






हमारे यहां घर बनवाते समय वास्तु शास्त्र का बहुत ध्यान रखा जाता है। वास्तु सम्मत घर बनवाना और घर में वास्तु के नियमों का पालन करने से घर में सुख शांति बनी रहती है। इससे घर में धन का पर्याप्त आगमन होता है और घर में खुशहाली बनी रहती है।

वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा को यम देवता की दिशा माना जाता है। जो लोग वास्तु में विश्वास रखते हैं तो उन्हें यह जरूर जानना चाहिए कि वास्तु के अनुसार घर की दक्षिण दिशा में किन चीजों को रखना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार आग्नेय कोण [ दक्षिण-पूर्व ] का तत्व अग्नि होता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार दक्षिण दिशा का तत्व अग्नि होता है।

इसलिए किसी भी कमरे में यदि आग्नेय कोण या दक्षिण में फर्नीचर रखना है तो लकड़ी से बने हुए फर्नीचर को रखना चाहिए।

क्योंकि लकड़ी आग को जलाने में सहायक होता है ।

कमरे में यदि आग्नेय कोण या दक्षिण में फर्नीचर रखने से आग्नेय कोण और दक्षिण की उर्जा बढ़ाया जा सकता है ।

दक्षिण दिशा में अग्नि तत्व से सम्बंधित लकड़ी के फर्नीचर सहायक हो जाते हैं ।

दक्षिण दिशा के स्वामी यम याने मृत्यु के देवता हैं । दक्षिण दिशा से बीमारी घर मे आती है ।

अगर आप लगातार बीमार रहते हैं तो घर के दक्षिण दिशा में लकड़ी से बनी फर्नीचर या पेंटिंग्स को लगवा दें ।

**दक्षिण दिशा की अशुभ निर्माण**

1) दक्षिण दिशा में जमीन के नीचे पानी की टँकी
2) दक्षिण दिशा में छत के ऊपर पानी की टँकी
3) दक्षिण दिशा में जमीन के नीचे सेप्टिक की टँकी
4) दक्षिण दिशा में बोर या कुवाँ
5) दक्षिण दिशा में कोई भी गड्ढा

# जब सुब्रत रॉय ने दिया था अमिताभ बच्चन को सहारा बदले में महानायक को करना पड़ा था ये काम

सहारा इंडिया समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का मंगलवार देर रात मुंबई में निधन हो गया। सुब्रत रॉय काफी दिनों से बीमार थे। उन्हें मेटास्टैटिक मैलिंगनैंसी, हाई ब्लड प्रेशर था। देश भर से लोग उनके निधन पर दुख जाहिर कर रहे हैं। इतना ही नहीं क्रिकेट जगत और बॉलीवुड सेलिब्रेटीज के बीच भी शोक व्याप्त है। वैसे क्या आप जानते हैं कि सुब्रत रॉय की बॉलीवुड में अलग पैठ थी। उन्होंने कई फिल्में प्रोड्यूस कीं। इसके अलावा को कई सेलिब्रिटीज संग अच्छा बॉन्ड शेयर करते थे। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ संग भी उनका अच्छा रिश्ता था। दोनों की दोस्ती काफी चर्चित थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दोनों की दोस्ती कैसे शुरू हुई और किसने कराई।



**अमिताभ की सुब्रत रॉय ने की थी मदद**

अमिताभ बच्चन के जीवन में एक वक्त ऐसा था, जब वो दिवालिया हो गए थे। उस वक्त उन्हें मदद की जरूरत थी। ऐसे मुश्किल वक्त में उनकी ओर मदद का हाथ किसी और ने नहीं बल्कि सुब्रत रॉय ने बढ़ाया था। समाजवादी नेता अमर सिंह अमिताभ के काफी करीबी थे। अमर सिंह सुब्रत रॉय के भी खास थे। ऐसे में अमर ने अमिताभ की सुब्रत से मुलाकात कराई। सुब्रत रॉय ने उस दौर में अमिताभ बच्चन की मदद की, लेकिन कहा जाता है कि अमिताभ को इस मदद की कीमत भी चुकानी पड़ी थी। अमिताभ, सुब्रत रॉय की कई पार्टियों में मेहमानों का स्वागत करते देखे गए थे। वहीं ये दावा किया जाता है कि उन्होंने इन पार्टियों में शराब भी सर्व की थी।

**अमिताभ आए सुब्रत के काम**

याद दिला दें कि सुब्रत रॉय ने हवाई सेवा शुरू की थी। इस हवाई सेवा में अमर सिंह और सुब्रत रॉय पार्टनर्स थे। इस दौरान भी अमिताभ और सुब्रत की दोस्ती देखने को मिली थी। अमिताभ बच्चन बॉलीवुड में टॉप पर थे। उनकी सक्रियता सुब्रत और अमर सिंह के काम आई। उन्होंने कई सेलिब्रिटीज के साथ लाइजेनिंग की और इसी के चलते अमर सिंह और सुब्रत रॉय की हवाई सेवा से कई सेलिब्रिटीज को उत्तर प्रदेश दर्शन कराया गया। अमिताभ बच्चन की इस प्रतिभा को देख सुब्रत रॉय काफी खुश हुए थे और उन्हें मेंबर ऑफ ड्यूटी काउंसिल बना दिया था। ऐसे में अमिताभ बच्चन, अमर सिंह और सुब्रत रॉय की दोस्ती काफी पॉपुलर हो गई थी। सुब्रत रॉय के बेटे और भतीजी की शादी में भी अमिताभ बच्चन का जलवा देखने को मिला था।

## अमिताभ बच्चन ने साइकिल से किया था दिल्ली से चंडीगढ़ का सफर

दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति के 15वें सीजन में नजर आ रहे हैं। क्विज बेस्ड रियलिटी शो में अमिताभ अपने होस्ट करने के अंदाज के लिए जाने जाते हैं। सवाल पूछने से लेकर कंटेस्टेंट से गपशप करने का उनका स्टाइल हर होस्ट से जुदा है। अमिताभ सवालों के दौर के बीच अपनी जिंदगी और अनुभवों से जुड़े पुराने किस्से साझा करते आएं हैं। एक बार फिर अमिताभ ने एक अनसुना किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि संघर्ष के दिनों में वो एक खास वजह के चलते दिल्ली से चंडीगढ़ साइकिल से गए थे।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ने कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए अपने संघर्ष के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह एक विश्वविद्यालय में एडमिशन लेने के लिए दिल्ली से साइकिल पर चंडीगढ़ पहुंचे थे। अमिताभ ने ओडिशा के बालासोर से आए शेख अजमत का हॉट सीट पर स्वागत किया।




## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मेरी बहनें-मेरी शक्ति

**रायपुर।** भाईदूज के पावन अवसर पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी बहनों से मिले। वहीं बहनों ने भी सीएम श्री बघेल को भाईदूज की बधाई देते हुए उनका तिलक कर तथा मुंह मीठा कराकर भाईदूज का त्योहार मनाया। सीएम श्री बघेल ने भाई-बहन के इस अटूट प्रेम की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। उन्होंने तस्वीरें पोस्ट करते हुए भाईदूज हैशटेग करते हुए लिखा-मेरी बहनें, मेरी शक्ति... भाईदूज। अंचल सहित पूरे देश में आज धूमधाम से भाईदूज का पर्व मनाया जा रहा है। भाई अपनी-अपनी बहनों के घर पहुंचकर जहां उनके सुखी-संपन्न जीवन की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दे रहे हैं तो वहीं बहनें भी अपने भाईयों का तिलक कर तथा मुंह मीठा कराते हुए भाईयों के सुदीर्घ जीवन और सुख-संपदा की कामना कर रही हैं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार यमुना ने इसी दिन अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन खिलाया था. कथा के अनुसार, यम देवता ने अपनी बहन को इसी दिन दर्शन दिए थे. यम की बहन यमुना अपने भाई से मिलने के लिए अत्यधिक व्याकुल थी. अपने भाई के दर्शन कर यमुना बेहद प्रसन्न हुई. यमुना ने प्रसन्न होकर अपने भाई की बहुत आवभगत की. यम ने प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि इस दिन अगर भाई-बहन दोनों एक साथ यमुना नदी में स्नान करेगें, तो उन्हें मुक्ति प्राप्त होगी।

### शराब बेचते 11 कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर 11 कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 273 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास आरोपी प्रमोद कुमार लहरे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर में आरोपी रमेश गोड़ 35 वर्ष और बल्लू सोना 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 90 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने कृष्णा नगर भनपुरी में दबिश देकर आरोपी दीपक सोनी 31 वर्ष व लता बघेल 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 47 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने सेरीखेड़ी के पास आरोपी विक्की कुमार जांगड़े 35 वर्ष व भेखलाल धीवर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 52 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने ग्राम लालपुर में आरोपी दिनेश कुमार साहू 30 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने ग्राम कुरूं में नकुल मारकण्डे 42 वर्ष के पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने सिलतरा दामाद पारा के पास आरोपी पंकज वर्मा 23 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी द्वारिका साहू 32 वर्ष के पास से 10 पाव अंग्रेजी शराब व 8 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शत-प्रतिशत करें मतदान : रमन सिंह

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेशवासियों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। डा. रमन ने अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के हालात में परिवर्तन हुआ है. पहले चरण में 14 सीटों में बीजेपी आगे है. द्वितीय चरण में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे.पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि 2018 में शराबबंदी का वादा किया, 6,000 रुपए महिलाओं को देने का वादा तोड़ा. अब कह रहे है 15,000 रुपए सालाना देंगे. कांग्रेस महिलाओं को भ्रम में डालने का काम कर रही है. बीजेपी ने जिन महत्वपूर्ण योजनाओं पर गारंटी दी है, उसे लागू करेंगे. पहली कैबिनेट की बैठक के बाद 18 लाख आवास देने की प्रक्रिया शुरू होगी. पीएससी मामले की जांच होगी और यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी के जरिए भर्ती की जाएगी। बीजेपी इस बार सरकार बना रही है. वहीं महतारी वंदन योजना पर रमन सिंह ने कहा इस संबंध में तत्काल निर्णय लेंगे और पहली कैबिनेट में इसकी चर्चा होगी।



# शांतिपूर्ण मतदान के लिए रायपुर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**

विधानसभा चुनाव और 17 दिसंबर को होने वाले मतदान को देखते हुए शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान, अपराधों की रोकथाम सहित सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मद्देनजर 15 नवंबर को रायपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। जिला दण्डाधिकारी रायपुर डॉ. सर्वेश्वर भुरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायपुर एन.आर. साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रायपुर लखन पटले सहित प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी-कर्मचारियों की 2 अलग-अलग टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों में फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च पुलिस लाईन से शुरू कर धमतरी गेट, कालीबाड़ी चौक, कोतवाली चौक, जयस्तंभ चौक, मौदहापारा, फाफाडीह चौक, वॉल्टेयर लाईन अंडर ब्रिज, गुढ़ियारी पड़ाव, भारत माता चौक, रामनगर चौक, दिशा कॉलेज, मोहबा बाजार, एन.आई.टी. गेट, डंगनिया बाजार, अनुपम गार्डन, चौबे कॉलोनी, अग्रसेन चौक, लाखेनगर चौक, पुरानी बस्ती, मठपारा, नया बस स्टैण्ड, नमस्ते चौक, देवेन्द्र नगर मण्डी, मण्डी गेट तिराहा, एक्सप्रेस वे, अवंति बाई चौक, व्ही.आई.पी टर्निंग विधानसभा रोड, अशोका रतन, अनुपम नगर चौक, खम्हारडीह थाना चौक, अवंति विहार, तेलीबांधा चौक, कटोरा तालाब, नेताजी होटल, राजेन्द्र नगर अंडरब्रिज, केनाल रोड, कमलविहार चौक, बोरियाखुर्द, संतोषी नगर चौक, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा से पुलिस लाईन में समाप्त किया गया।

# मतदान दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**


विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में मतदान के लिए मतदान दिवस 17 नवंबर को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को संबंधित 70 विधानसभा क्षेत्रों में सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त निजी संस्थानों,औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने विधानसभा निर्वाचन के लिए औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेखित है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 151 की धारा 135 (ख) के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में संचालित औद्योगिक , व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठान इस बात को सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस पर कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाए। आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना जहां विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु मतदान तिथि क्रमशः 17 नवंबर तथा 30 नवंबर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों / दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित हैं, ऐसे नियोजित/कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किया जाए तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी -बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाए। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिकों अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो उनको प्रदान किया जाएगा।

### 30 दिनों में 3 करोड़ से अधिक की शराब जब्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में विभाग ने 3 करोड़ से ज्यादा की शराब, लहन, गांजा और गाड़ियां जब्त की है। आदर्श आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग ने महीनेभर में 33084 लीटर शराब, 207250 किलो ग्राम महुआ लाहन, 5 किलो गांजा और 63 गाड़ियां जब्त की है. जिसका बाजार मूल्य 3 करोड़ 11 लाख 83 हजार 223 रुपये है। विशेष सचिव सह आयुक्त आबकारी महादेव कावरे ने बताया कि दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को देखते हुए शराब के अवैध निर्माण, परिवहन और बेचने की रोकथाम के लिए जांच-पड़ताल और दबिश दी गई.

# जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं: राधिका खेड़ा

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**



छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस की 36 नेत्रियों ने प्रेस कांफ्रेंस किया और कांग्रेस की गृह लक्ष्मी योजना से महिलाओं को मिलने वाली सुविधा के बारे में बात की. राजीव भवन में कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर और आईसीसी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की.

इस दौरान राधिका खेड़ा ने बताया कि बेटियों को, महिलाओं को लक्ष्मी कहा जाता है. बेटी घर में पैदा होती है वहां सकारात्मक शक्ति का वास होता है. जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं. इसी को मानकर प्रदेश के कका ने बड़ी घोषण की है. प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो सीधा महिलाओं के खाता में 15 हजार डाला जाएगा. हम महिलाओं को लाइन में खड़ा नहीं करेंगे. गैस सिलेंडर में 34 लाख लोगों को उज्ज्वला वालों को फायदा मिलेगा. केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा दी जाएगी. दो सौ यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी. महिला सहायता समूह का कर्ज माफ़ करेंगे. महिलाओं को मज़बूत बनाया जाएगा. पिछले पांच सालों में के प्रदेश सरकार ने महिलाओं लिए काम किया गया है. बिहान के अन्तर्गत 180 हजार महिलाओं को जोड़ा गया है. रीप में 1 लाख 50 हजार को रोजगार दिया गया. राज्य महिला आयोग के बजट में पांच गुना बढ़ाया गया. 15 साल के अपेक्षा महिला अपराध में 60 प्रतिशत में कमी आयी है. प्रदेश में बीजेपी फर्जी आवेदन कराया जा रहा है. आवेदन में जो डीटेल योजना के लिए होना चाहिए हो नहीं है इसका खुलासा महिला स्वयं कर रही हैं.

# विधानसभा चुनाव का प्रापर्टी के कारोबार पर दिखा असर

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**




छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का असर प्रापर्टी के कारोबार पर भी पड़ रहा है। शहर के बिल्डरों को दुर्गा पूजा से दीवाली तक कारोबार में बूम की उम्मीद रहती है, लेकिन आंकड़े इसके उलट हैं। अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और त्योहारी सीजन होने के बावजूद अक्टूबर में 4,804 रजिस्ट्री हुई है। नवंबर में भी अभी दस दिनों में सामान्य महीनों की अपेक्षा कम ही रजिस्ट्री हो रही है। प्रापर्टी में अगस्त तक जबरदस्त बूम आया था। कहीं लोगों ने प्लाट खरीदे तो कहीं फ्लैट। पंजीयन कार्यालय भी गुलजार था, लेकिन अब यही प्रापर्टी में आया बूम गिरता नजर आ रहा है।

**रजिस्ट्री की संख्या में आई कमी**-पंजीयन कार्यालय में बीते माह की अपेक्षा रजिस्ट्री की संख्या में कमी आई है। बिल्डर पुराना धमतरी रोड, कचना रोड, विधानसभा रोड में नए टाउशिप में स्वतंत्र मकान और फ्लैट बना रहे थे। त्योहारी सीजन होने के बावजूद भी ग्राहक ढूंढ़ने में पसीना छूट रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में कुछ भूखंडों की बिक्री हो रही थी। अब चुनाव करीब आ रहा है। हर माह गिरावट~ पंजीयन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो जुलाई में में 5,712, अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और अक्टूबर से लेकर अब तक 4,804 रजिस्ट्री हुई है। रजिस्ट्री में हर माह में गिरावट आई है। यही नहीं, बैनामे भी कम हुए हैं।

**आचार संहिता से ऐसे लगा झटका**-जमीन खरीदी-बिक्री से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि जमीन खरीदनी हो या फिर फ्लैट या मकान लेना हो। ये खरीद-फरोख्त अधिकांशत~ दो नंबर में अधिक होती है। ऐसे में लोग नकदी लेकर निकलते हैं। इस समय आचार संहिता लगी है। लोग नकदी लेकर निकलेंगे तो कहीं न कहीं जांच में पकड़े जाएंगे और ऐसे में वह इस पैसे का हिसाब नहीं दे पाएंगे। आयकर विभाग की भी नजर ऐसे पैसों पर है। इसलिए भी जमीन की खरीद कुछ दिन में कम होने की संभावना है। रायपुर पंजीयन विभाग के मुख्य पंजीयक आशुतोष कौशिक ने कहा, निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से प्लस में हैं। इस माह रजिस्ट्री की संख्या में थोड़ी कमी आई है। साथ ही बैनामे भी कम हुए हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं।

# कांग्रेस ने रमन सरकार पर लगाया एक लाख करोड़ के घोटाले का आरोप

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा नेताओं के बीच पैसे के लेन-देन का वीडियो जारी होने पर क्ष्छ्क जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भाजपा नेता रिकेश सेन ने खुलासा किया है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह तक पैसे जाता था, ईडी इसकी जांच करें. डॉ. रमन सिंह के राज में 15 सालों में 1 लाख करोड़ का घोटाला हुआ. लूट का पैसा दिल्ली, गुजरात, लखनऊ और नागपुर तक जाता था.

सुशील आनंद शुक्ला ने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश में 15 सालों तक सरकार थी. रमन राज में 1 लाख करोड़ घोटाला हुआ था. इस बारे में हम अनेकों बार बता चुके हैं. हमारे आरोपों की पुष्टि भाजपा नेता रिकेश सेन के खुलासे से हुई है. 15 सालों में छत्तीसगढ़ को भाजपा का चारागाह बना दिया गया था. उन्होंने कहा, रमन सरकार के समय भ्रष्टाचार का पैसा अमित शाह, स्व. जेटली जैसे नेताओं को भी जाता था. भाजपा के छोटे-बड़े नेता नागपुर, लखनऊ और दिल्ली से आकर छत्तीसगढ़ की संपदा में लूट खसोट मचाकर रखे थे. अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए तत्कालीन भाजपाई सत्ताधीशों ने भाजपा के बड़े नेताओं के इस लूट में पूरा सहयोग दिया. दोनों हाथों से छत्तीसगढ़ की संपदा को अपने नेताओं पर लुटाया. प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख शुक्ला ने कहा, डॉ. रमन सिंह और उनके मंत्रियों ने 15 सालों में 1 लाख



करोड़ का घोटाला किया था. छत्तीसगढ़ में रमन राज में 36,000 करोड़ के नान घोटाला, अगस्ता और पनामा घोटाला, डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शिनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ताहीन एक्सप्रेस-वे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला, 6,000 करोड़ का चिटफंड घोटाला, रमन के 4,700 करोड़ के शराब घोटाला, 1,667 करोड़ के गोशाला घोटाला सहित एक लाख करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार के आरोप डॉ. रमन सिंह पर है. रमन सरकार के दौरान इतने घोटाले हुए, अकूत काली कमाई किया कि देश के बैंक छोटे पड़ गए. रमन सिंह के मेडिकल स्टोर के पता पर अभिषाक सिंह को पनामा में खाता खुलवाना पड़ा था. उसने वीडियो में कैश हैंडल के रूप में भाजपा के अनेक नेताओं का नाम भी लिया है. उन्होंने कहा कि रमन सरकार के दौरान हुए घोटालों का पैसा दिल्ली, लखनऊ, नागपुर और गुजरात जाता था. भाजपा के नेता रिकेश सेन जो वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी है, वे एक वीडियो में खुद बता रहे कि कैसे तत्कालीन मुख्यमंत्री की पत्नी वीणा सिंह पैसे लेती थी? कैसे अमित शाह और तत्कालीन स्व. नेता अरुण जेटली तक लूट का पैसा पहुंचाया जाता था? यह खुलासा खुद भाजपा का नेता कर रहा है, कोई गुमनाम आदमी या राह चलता नहीं कर रहा. अब इस मामले में ईडी, आईटी जांच का साहस क्यों नहीं दिखाती? एक मुख्यमंत्री पर कथित बयान जो बाद में कोर्ट में बदल भी गया. ईडी प्रेस नोट जारी करके आरोप लगा सकती है तो फिर इस मामले में खुला वह रिकेश सेन बोल रहा, इसकी जांच क्यों नहीं की जा रही? सुशील शुक्ला ने कहा कि 36,000 करोड़ के नान घोटाला, चिटफंड घोटाला, पनामा पेपर की जांच के लिए मुख्यमंत्री ने ईडी के डायरेक्टर को पत्र लिख चुके हैं.

# राजधानी में पुरानी रंजिश और लेनदेन के विवाद में 2 युवकों की हत्या

**रायपुर ››दैनन्दिनी.**

राजधानी में त्योहार के जश्न के बीच हत्या का मामला सामने आया है. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुरानी रंजिश और लेनदेन के मामले में खूनी खेल हुआ. जिसमें 2 युवकों की मौत हो गई है. इन घटनाओं से रायपुर में सनसनी फैल गई है. वहीं मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. हीरापुर में शराब पीने के दौरान आपसी लेनदेन की बात पर दो युवकों के बीच विवाद हुआ. विवाद इतना बढ़ा की दोनों ने एक दूसरे पर प्राण घातक हमला कर दिया. इस वारदात में घायल शिवा यदु नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में एक नाबालिग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. यह मामला कबीर नगर थाना इलाके का है. शहर के तिरंगा चौक में नाबालिग की कैंची मारकर हत्या कर दी गई. मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते बीती रात 17 साल के युवक पर आरोपियों ने कैंची से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल नाबालिग को इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभांग यादव समेत 2 को गिरफ्तार किया है.

# चुनाव की सफलता में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका : कलेक्टर

**बलौदाबाजार**

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य पर्यवेक्षक) के दाहिने हाथ की तरह मतदान पर पैनी निगाह रखने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर को बुधवार उनके कार्तव्य और दायित्वों का बोध कराया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर की इतनी अहम जिम्मेदारी होती है कि मतदान के एक दिन पहले से लेकर मतदान की समूची प्रक्रिया को देखते रिपोर्ट करते हैं। इनकी मौजूदगी का मतलब माना जाता है सामान्य पर्यवेक्षक की निगरानी में ही हर मतदान केन्द्र पर मतदान चल रहा है। माइक्रो ऑब्जर्वर की इसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को देखते हुए बुधवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में इन्हें अंतिम ट्रेनिंग देने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ही नहीं विधानसभा कसडोल समान्य आब्जर्वर डॉ. राजेंद्र भारूड, बलौदाबाजार एवं भाटापारा सामान्य आब्जर्वर डॉ अनीश शेखर, व्यय प्रेक्षक संतोष गुप्ता ने जिम्मेदारी के पाठ पढ़ाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान के दिन 18 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को देनी होगी। इसके अतिरिक्त माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान प्रतिशत की जानकारी भी कंट्रोल रूम को निरंतर देते रहेंगे। प्रेक्षकों ने समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण में कार्य करेंगे, माइक्रो ऑब्जर्वर को आवंटित मतदान केंद्रों में संचालित निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन करना होगा उन्हें मतदान के दिन मोकपोल से द्यलेकर मतदान समाप्ति तक पूरी सतर्कता से ऑब्जर्वेशन करना होगा और अपनी रिपोर्ट भी देना होगा।

मतदान केंद्र पर सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों के भ्रमण, फोर्स की व्यवस्था, मतदान केंद्र पर संभावित अराजकता तत्वों




पर पैनी नजर सहित सभी प्रकार की घटनाओं,हरकतों पर नजर रखने के अलावा किसी भी दशा में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना है। उन्होंने आगे कहा कि पोलिंग एजेंटों पर गहनता से नजर रखनी है जिला प्रशासन द्वारा मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों का चिन्हांकन करने के बाद मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है. मतदान केंद्र में माइक्रो ऑब्जर्वर सुबह 6 बजे से उपस्थित रहेंगे तथा मतदान प्रक्रिया का निरंतर निरीक्षण करते रहेंगे, माकपोल का भी निरीक्षण करेंगे,निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन हो रहा है या नहीं उसका भी निरीक्षण करेंगे,मतदाताओं के रजिस्टर में मतदान अधिकारी द्वारा मतदाताओं के पहचान दस्तावेज का गहनता से लिखा जा रहा है कि नहीं इसका भी निरीक्षण समय समय पर करेंगे, ईवीएम वीवीपट की सीलिंग चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है कि नहीं इसका निरीक्षण करेंगे,माकपोल के दौरान मतदाता अभिकर्ता की उपस्थिति पर नजर रखेंगे। प्रेक्षकों ने कहा कि मतदान के दिन माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर अपने कार्यों एवं कर्तव्यों का निर्वहन पूरी इमानदारी व निडर होकर करेंगे। इसके बाद माइक्रो ऑब्जर्वरों को ईवीएम और वीवीपैट के बारे में भी मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर बीसी एक्का,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सहित अन्य अधिकारी व सभी माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

लोन लेने के लिए ITR बनवाए मात्र 500/- रू. में

| | |
|---|---|
| जी.एस.टी. रिटर्न | FOOD लायसेंस |
| इनकम TAX फाईल | MSME रजिस्ट्रेशन |
| TDS रिफन्ड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट |
| IT नोटिस | डिजिटल सिगनेचर |

सम्पर्क- शेखर गुप्ता WWW.ONLYTDS.COM
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद करने हेतु तैयार
9300755544, 8878655544

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं आसमां पब्लिशर्स इंडिया प्रा.लि.जयस्तंभ चौक रायपुर, (छ.ग.) से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com